एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **25** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR818F00672** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAYSHREE JOSEPH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEEPAK JOSEPH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMED AJAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMED TAIYAB** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /35181/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35181**
**वार्ड का नाम-69- माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C01471** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **YOGITA SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAPIL SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANISH KUMAR DIWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI NILDHAR DIWAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /35203/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35203**
**वार्ड का नाम-69- माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **69** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A00073** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMAL TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESHWAR PRASAD TIWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. SAVITA TIWARI W/O LT. KAMAL TIWARI, SAURABH TIWARI S/O LT. KAMAL TIWARI, KARAN TIWARI S/O LT. KAMAL TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 433 दिनांक 08.09.2026**
**वार्ड का नाम- जय बुढ़ादेव वार्ड**
**वार्ड क्र. 4 वर्ष- 2026-27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **4** मांग **पंजी क्र. 27 युआईडी 12041** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **ममता प्लास्टिक/ ममता सिंह/ शिवकुमार सिंह/ रामेश्वर प्रसाद सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **डी के पॉवर प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड/ धीरेन्द्र कुमार जैन/ गणेश चंद जैन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23 -09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 432 दिनांक 08.09.2026**
**वार्ड का नाम- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2026-27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 16 युआईडी 29476** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **जेठू पासवान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **धनेश/जेठू राम** धिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23 - 09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**

# प्रदेश भाजपा संगठन के भीष्म पितामह चरण सिंह अग्रवाल का राजकीय सम्मान के साथ गॉड ऑफ़ ऑनर के बीच दी गई अंतिम विदाई

### संगठन ने अपने प्रिय नेता को भाजपा का झंडा तो प्रशासन तिरंगा ध्वज में लपेटकर सलामी दी

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता एवं जनसंघ से जुड़े एवं मिसा बंदी चाचा चरण सिंह अग्रवाल का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई वहीं भाजपा संगठन ने भी अपने प्रिय नेता को भाजपा के झंडा में लपेटकर पुष्प चक्र के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित की।



बिश्रामपुर निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनसंघ के संस्थापक सदस्य, मिसा बंदी एवं समाजसेवी चाचा चरण सिंह अग्रवाल को आज राजकीय सम्मान के साथ जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय ध्वज अर्पण का एवं पुष्प चक्र के साथ सरदार सुमन अर्पित की तो वही भाजपा संगठन ने भी अपना झंडा समर्पित कर संगठन की ओर से समान प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की वरिष्ठ नेता या यूं कहे भीष्म पितामह का बीते दिवस सूरजपुर की एक निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान हो गया जिनका आज रिहंद नदी के तट पर भाजपा समर्थक कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन की मौजूदगी में उनकी छोटे पुत्र अजय अज्जू अग्रवाल ने मुखाग्नि दे कर पंचतत्व में विलीन किया।

भाजपा नेता का पार्थिव शरीर उनके निवास रेलवे स्टेशन विश्रामपुर स्थित से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए रिहंद नदी मुक्तिधाम पहुंची जहां सजती है एवं संगठन के नेताओं एवं संभाग गणमान्य नागरिकों के बीच अंतिम विदाई दी गई।

शव यात्रा निकालने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी *जिला सूरजपुर द्वारा स्व. चरण सिंह जी के पार्थिव शरीर पर भाजपा ध्वज को अर्पित कर उन्हें पार्टी की ओर से भावपूर्ण मन से विदाई दी गई तथा उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सम्मानित जनों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिला प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी शिवानी जायसवाल सहित पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी विदाई दे राज्य शासन की ओर से गॉड ऑफ ऑनर दिया गया जो सरगुजा संभाग में पहली बार किसी भाजपा नेता को यह सामान प्राप्त हुआ।



उक्त अंतिम यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, सूरजपुर जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली सोनी प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी , पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अभिभाजित सरगुजा एवं वर्तमान सूरजपुर जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष गोयल, भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल , बाबूलाल अग्रवाल , मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े , जिला भाजपा महामंत्री अशोक सिंह, बिश्रामपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश दानोदिया, पार्षद चंदन सिंह, भाजपा नेता सतीश तिवारी रवि शंकर बउवा, संत सिंह, विजय राज अग्रवाल सही करो कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतक शामिल हुए।

**दिवंगत भाजपा नेता चरण सिंह अग्रवाल को उनके मित्रों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित की-** भाजपा नेता चरण सिंह की उम्र में बड़े एवं साथ में 1977 में मिसा बंदी कुलवंत सिंह जी सहित प्रतिदिन साथ में उठने बैठने वाले मित्र कांग्रेस नेता सुभाष गोयल सहित मथुरा प्रसाद गुप्ता अनिल मिश्रा ,गौरी शंकर अग्रवाल, खजान चंद जिंदल चिता पर चंदन लकड़ी अर्पित कर अपने प्रिय साथी को याद किया तथा अपना सम्मान रुंधे स्वर में प्रकट किया। इस प्रकार भाजपा का भीष्म पितामह सभी का अलविदा का कर पंचतत्व में विलीन हो गए। इस दौरान भाजपा नेता का जी पुत्र अनिल अग्रवाल अरुण अग्रवाल अजय अग्रवाल ने अपने पिता श्री विदाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### 90 करोड़ के धान का हिसाब गायब! अब समितियों से होगी भरपाई, 3 महीने का दिया गया अल्टीमेटम



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** बस्तर संभाग में धान खरीदी के बाद अब हिसाब-किताब का बड़ा संकट सामने आया है। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के भौतिक सत्यापन में करीब 28 हजार 244 मीट्रिक टन धान गायब मिला है, जिसकी कीमत करीब 89 करोड़ 30 लाख रुपये आंकी गई है। अब इस कमी की भरपाई की जिम्मेदारी समिति प्रबंधकों और खरीदी प्रभारियों पर डाली जा रही है। जिला सहकारी बैंक की ओर से नोटिस जारी कर राशि जमा करने के लिए महज तीन महीने का समय दिया जा रहा है। तय समय में राशि जमा नहीं हुई तो कुर्की की चेतावनी भी दी जा रही है। दरअसल, संभाग के सात जिलों के 382 धान खरीदी केंद्रों में करीब 13 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। इसमें से मिलर्स करीब 13 लाख 46 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर चुके हैं, लेकिन उठाव और भौतिक सत्यापन के बाद करीब 28 हजार मीट्रिक टन धान का अंतर सामने आया है। अब सवाल सिर्फ धान के शॉर्टेज का नहीं, बल्कि उसकी भरपाई की जिम्मेदारी तय करने का है।

**समितियों से वसूलने की प्रक्रिया शुरू-** अधिकारियों के मुताबिक, शॉर्टेज की पूरी राशि समितियों से वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सबसे ज्यादा कमी कांकेर में 13 हजार 281 मीट्रिक टन, कोंडागांव में 6 हजार 642 मीट्रिक टन, बस्तर में 4 हजार 687 मीट्रिक टन, बीजापुर में 2 हजार 131 मीट्रिक टन और सुकमा में 1 हजार 501 मीट्रिक टन बताई गई है।

वहीं समिति प्रबंधकों ने बिना कैमरे के सामने आए कहा कि समय पर धान का उठाव नहीं होना ही इस स्थिति की बड़ी वजह है। उनका कहना है कि जब संग्रहण केंद्रों और मिलर्स को शॉर्टेज में निर्धारित छूट दी जाती है, तो समितियों को भी ऐसी राहत मिलनी चाहिए। समितियों का सवाल है कि चावल में सुखत का प्रावधान है तो धान खरीदी में यह व्यवस्था क्यों नहीं? यानी अब बस्तर में धान खरीदी का मामला सिर्फ शॉर्टेज तक सीमित नहीं है, बल्कि 89 करोड़ रुपये की वसूली और जिम्मेदारी तय करने तक पहुंच गया है। आने वाले तीन महीने में तय होगा कि यह रकम समितियां जमा करती हैं या फिर मामला कुर्की और कानूनी कार्रवाई तक जाता है।

# सरकारी दफ्तरों पर 1.72 अरब का बिजली बिल बकाया: विद्युत विभाग ने 439 कनेक्शन काटे,50 विभागों से 11.67 लाख वसूले

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** सरकारी विभागों पर लंबे समय से बकाया बिजली बिल को लेकर विद्युत विभाग ने अब सख्ती शुरू कर दी है। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले शासकीय कार्यालयों के खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 439 सरकारी बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं।




विद्युत कंपनी के अनुसार, जिन शासकीय कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उन पर कुल 1 करोड़ 28 लाख 53 हजार 998 रुपए का बिजली बिल बकाया था। कनेक्शन काटने की कार्रवाई के साथ ही बकाया राशि की वसूली पर भी जोर दिया जा रहा है। अभियान के दौरान अब तक 50 बकायादार शासकीय विभागों से 11 लाख 67 हजार रुपए की वसूली की गई है।

**सरकारी विभागों पर 172 करोड़ से ज्यादा का बकाया-** डिस्कनेक्शन और वसूली की कार्रवाई के बावजूद सरकारी विभागों पर बिजली बिल का बकाया आंकड़ा काफी बड़ा है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में शासकीय विभागों के कुल 19 हजार 880 बिजली कनेक्शन हैं। इन सभी कनेक्शनों पर करीब 1 अरब 72 करोड़ 61 लाख 16 हजार रुपए यानी 172 करोड़ 61 लाख 16 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है।

**विभागवार बकाया की हो रही समीक्षा-** लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं होने को विद्युत कंपनी ने गंभीरता से लिया है। अब बकायादार शासकीय विभागों की विभागवार समीक्षा की जा रही है। जिन कार्यालयों पर लंबे समय से राशि बकाया है, वहां भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। भुगतान नहीं होने की स्थिति में कनेक्शन काटने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**सातों जिलों में तेज हुआ अभियान-** बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में विद्युत विभाग की कार्रवाई जारी है। कंपनी का फोकस ऐसे सरकारी कनेक्शनों पर है, जिनका बिजली बिल लंबे समय से जमा नहीं हुआ है। कनेक्शन काटने के साथ-साथ बकाया राशि की वसूली भी की जा रही है। सरकारी विभागों पर 172 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया होने के चलते विद्युत कंपनी ने अब कार्रवाई का दायरा बढ़ा दिया है। आने वाले दिनों में और भी बकायादार शासकीय कार्यालयों पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई हो सकती है।

# आयुष विभाग व जिला प्रशासन का संयुक्त प्रयास बस्तर में विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन




### 597 ग्रामीणों का हुआ निःशुल्क उपचार, 155 विद्यार्थियों ने सीखा योग

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** आयुष संचालनालय के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सोमवार 7 सितंबर को बस्तर में विकासखंड स्तरीय विशाल आयुष स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप द्वारा भगवान धन्वंतरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचल के नागरिकों तक समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में कुल 597 हितग्राहियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से वात, पित्त, स्त्री रोग, मधुमेह, उदर विकार एवं चर्म रोगों से पीड़ित मरीजों की गहन जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाइयां दी गईं। साथ ही आयुष विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु लगभग 370 लोगों को आयुष काढ़ा भी वितरित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत शिविर में 52 नागरिकों का नेत्र परीक्षण कर 18 जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 487 पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे एवं टीबी स्क्रीनिंग संपन्न की गई। इसके अतिरिक्त डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देते हुए शिविर स्थल पर ही 7 आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी तैयार की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ जागरूकता के उद्देश्य से योग प्रशिक्षिका अनीता साहू द्वारा 155 स्कूली विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए योगाभ्यास कराया गया। शिविर की सार्थकता तब और बढ़ गई जब एकीकृत महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पशुपालन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर आमजन को अपनी विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं से सीधे लाभान्वित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष श्री संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्री निर्देश दीवान, जनपद सदस्य श्री लक्ष्मण मौर्य, ग्राम सरपंच श्री सुनील कश्यप, तहसीलदार श्री चंद्रकुमार साहू एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में प्रभारी डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी के साथ डॉ. महिंद्र साहू, डॉ. नित्यानंद भोई, डॉ. सौम्य रंजन पटनायक, डॉ. चितरंजन पाढ़ी, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. तरणी सेन बढ़ाई, डॉ. अरुण सिंह, डॉ. सिद्धार्थ बैस, डॉ. जन्मय सिद्धार्थ, अमित सिंह तथा विभाग के समस्त फार्मासिस्टों व औषधालय सेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित इस शिविर ने ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की।

# एड-ए-मम्मा ने लॉन्च किया 'द वर्ल्ड इज आवर्स'- ऑटम विंटर 2026 कलेक्शन

अभिनेत्री आलिया भट्ट द्वारा शुरू किए गए बच्चों के ब्रांड 'एड-ए-मम्मा' (Ed-a-Mamma) ने अपना नया ऑटम-विंटर 2026 कलेक्शन 'द वर्ल्ड इज आवर्स' (The World Is Ours) लॉन्च किया है। यह कलेक्शन बच्चों के दुनिया को देखने और महसूस करने के नजरिए से प्रेरित है। 0 से 14 साल तक के बच्चों के लिए बनाए गए इस कलेक्शन में मजेदार कहानियों, पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन और खास बातों का ध्यान रखा गया है, जहां हर केटेगरी बचपन के अलग-अलग पड़ाव को दर्शाती है।

0 से 4 साल के बच्चों के लिए, यह कलेक्शन प्रकृति की दुनिया से प्रेरित है, जिसमें जानवरों और बाहरी दुनिया से जुड़े खूबसूरत प्रिंट शामिल हैं। रोजमर्रा के कपड़ों में व्यावहारिक सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है, जैसे जॉगर्स में सॉफ्ट नी-पैच हैं जो घुटनों के बल चलने, थिरकने और नई चीजें सीखने के दौरान बच्चों को पूरा आराम देते हैं।

5 से 14 साल के बच्चों के लिए, यह कलेक्शन उनकी बढ़ती पसंद और नए-नए शौक को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें खेल-कूद और एडवेंचर की झलक, पुरानी यादों से जुड़े खास अंदाज और त्योहारों व जश्न के मौकों के लिए बेहतरीन स्टाइल शामिल हैं।

लड़कियों के इस कलेक्शन को खेल और मस्ती से प्रेरणा लेकर डिजाइन किया गया है, जिसमें ढीले-ढाले व आरामदायक कपड़े, बड़े-बड़े नंबर प्रिंट और मजेदार डिटेल्स शामिल हैं। रोज पहनने वाले अलग-अलग कपड़ों से लेकर खास भाग-दौड़ वाले दिनों के लिए बने स्टाइल तक, यह कलेक्शन आराम और बच्चों की पसंद को एक साथ लाता है। इससे लड़कियों को अपने हिसाब से कपड़ों को मिक्स-एंड-मैच करके अपना अलग अंदाज बनाने के कई विकल्प मिलते हैं।

लड़कों के लिए, इस कलेक्शन में डेनिम सबसे खास है, जिसे क्लासिक पुराने फैशन स्टाइल के साथ एक मजेदार अंदाज में पेश किया गया है। फ्लैनल चेक और रिपर्पज्ड डेनिम रोजमर्रा के पसंदीदा कपड़ों में नयापन लाते हैं, जबकि बारीक डिटेल्स कपड़ों को एक खास पहचान देती हैं। ये कपड़े खेलने, मस्ती करने और रोज पहनने के लिए ही बनाए गए हैं। 'द वर्ल्ड इज आवर्स' हर दिन जी जाने वाली बचपन की खुशियों का जश्न है, कुछ नया सीखना, अपनी पसंद खोजना और उसे अपने अंदाज में अपनाना। शुरुआती सालों से लेकर बच्चों की बदलती पसंद तक, यह कलेक्शन ऐसे प्रिंट्स, रंगों, टेक्सचर और बारीक डिटेल्स का मेल है जो बच्चों के खुद को बयां करने के अलग-अलग तरीकों को दर्शाता है। लॉन्च के मौके पर 'एड-ए-मम्मा' की फाउंडर आलिया भट्ट ने कहा, बच्चे दुनिया को बहुत उत्सुकता से देखते हैं।

## सैमसंग की फोल्डेबल टेक्नोलॉजी ने बदली स्मार्टफोन की दुनिया

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2019 में फोल्डेबल फोन कैटेगरी की शुरुआत की थी। इसके बाद यह मार्केट तेजी से बढ़ा है और आज दुनिया की कई मोबाइल कंपनियां इसमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इस सफर का जश्न मनाते हुए सैमसंग ने एक ग्लोबल डिजिटल आउट-ऑफ-होम (ओओएच) कैंपेन, 'वेलकम टू फोल्डेबल्स' शुरू किया है। इस कैंपेन में दुनिया के प्रमुख शहरों में गैलेक्सी Z8 सीरीज को प्रदर्शित किया जा रहा है। यह कैंपेन तेजी से फैलते इस बाजार का खुले दिल से स्वागत करता है, और साथ ही इस कैटेगरी में सैमसंग की पुरानी बादशाहत को भी दोहराता है। फोल्डेबल फोन अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में फोन के पतलेपन, ड्यूरेबिलिटी, मल्टीटास्किंग, कैमरा परफॉर्मेंस और सॉफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन में एक के बाद एक सुधार हुए हैं। इससे दुनिया भर के कंज्यूमर्स का भरोसा फोल्डेबल डिवाइसेज पर बढ़ा है। आज लाखों यूजर्स गैलेक्सी फोल्डेबल फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और नई गैलेक्सी Z8 सीरीज दुनिया के 106 बाजारों में उपलब्ध है। यह ग्लोबल कैंपेन दुनिया की छह मशहूर जगहों पर चलाया जा रहा है। इनमें न्यूयॉर्क का टाइम्स स्क्वायर, लंदन का पिकाडिली सर्कस और आउटरनेट, टोक्यो का शिबुया स्टेशन और सियोल के कोएक्स के-पॉप लाइव तथा केटी स्क्वायर शामिल हैं। कैंपेन के जरिए सैमसंग अपनी 8 जनरेशन की इंजीनियरिंग और लगातार किए गए सुधारों के साथ 'फोल्ड' नाम से बनाई गई अपनी मजबूत मार्केट लीडरशिप को दिखा रहा है। सैमसंग का 'फोल्ड' अब मोबाइल इनोवेशन का एक प्रमुख सिंबल और फोल्डेबल स्मार्टफोन मार्केट में एक बेंचमार्क बन चुका है। सैमसंग ने बारीक कारीगरी और यूजर फीडबैक, दोनों पर ध्यान देकर फोल्डेबल फोन का अनुभव लगातार निखारा है। गैलेक्सी 8 सीरीज ने फोल्डेबल फोन को रोजमर्रा की जरूरी चीज बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें एडवांस्ड हार्डवेयर इंजीनियरिंग के साथ सॉफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन, गैलेक्सी एआई इंटीग्रेशन और पूरे गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ सीमलेस कनेक्टेड एक्सपीरियंस शामिल है।

# कर्मचारी हितों को लेकर फेडरेशन ने जिलाधीश से की सौजन्य भेंट

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण और कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा, परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने का आग्रह

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला गरियाबंद के पदाधिकारियों ने जिलाधीश से सौजन्य भेंट कर जिले के कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा विभागीय स्तर पर बेहतर समन्वय को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।

फेडरेशन पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित रूप से परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने का आग्रह जिलाधीश के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकें नियमित होने से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखा जा सकेगा तथा उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल संभव होगी।



सौजन्य मुलाकात के दौरान कर्मचारियों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। फेडरेशन पदाधिकारियों ने जिले में अधिकारी-कर्मचारी हित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किए जाने की अपेक्षा जताई। जिलाधीश की ओर से भी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सकारात्मक रुख व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर एमआर खान, जिला संयोजक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन गरियाबंद, बसंत मिश्रा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ जिला गरियाबंद, सुनील कुमार यादव, सचिव अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन जिला गरियाबंद, सुदामा ठाकुर, प्रांतीय महासचिव छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ तथा श्रीभगवान चंद्राकर, अभियंता संघ जिला गरियाबंद उपस्थित रहे।

फेडरेशन पदाधिकारियों की जिलाधीश से हुई यह मुलाकात कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने तथा समस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, बुधवार 09 सितंबर 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



# संपादकीय

## कसौटी पर अभी मंजिल दूर

बैडमिंटन के बड़े टूर्नामेंट्स में भारत की मजबूत उपस्थिति है, यह इस बार भी जाहिर हुआ। लेकिन सर्वोच्च सफलताओं की कसौटी पर अभी मंजिल दूर है। भारत को सिर्फ एक कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। देश ने राहत की सांस ली है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में बैंडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का आयोजन दोषमुक्त ढंग से हुआ। इस साल के आरंभ में उसी स्टेडियम में इंडिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के आयोजन के दौरान बंदरों और कबूतरों की बार-बार घुसपैठ भारत की बदनामी की वजह बनी थी। काबिल-ए-तारीफ है कि आयोजकों ने उस अनुभव से सबक सीखा। नतीजतन, जिस समय दुनिया का ध्यान भारत पर टिका था, कोई ऐसी बात नहीं हुई, जो देशवासियों के लिए असहजता का कारण बनती। जहां तक खेल का संबंध है, भारत ने 2011 से लगातार कोई ना कोई मेडल जीतने का सिलसिला बरकरार रखा, लेकिन कुल प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में भारत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी फीका रहा। अपना माहौल होने के बावजूद भारत को सिर्फ ट्रेसी जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला डबल्स में जीते कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दरअसल, दिल्ली में जाहिर यह हुआ कि बैडमिंटन जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी खेल में किसी देश के लिए वर्चस्व बनाए रखना आसान नहीं है। पुरुष सिंगल्स में टॉप 5 सीड वाले खिलाड़ी सेमीफाइनल से पहले ही बाहर हो गए। उधर बैटमिंटन की महाशक्ति जापान कोई स्वर्ण पदक नहीं जीत सका। एक अन्य महाशक्ति चीन को सिर्फ एक स्वर्ण पदक से संतोष करना पड़ा। कुल पांच श्रेणी में हुए मुकाबलों में इंडोनेशिया किसी फाइनल में जगह नहीं बना सका। स्कैंडेनेवियन देशों- खासकर डेनमार्क की नाकामियां भी ध्यान खींचती रहीं। जबकि नई महाशक्ति के रूप में फ्रांस का उदय हुआ, जिसने पुलिस सिंगल्स और मिस्क्ड डबल्स के स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता का संदेश है कि बैडमिंटन जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाले खेल में अपनी हैसियत बनाए रखने के लिए नई प्रतिभाओं के निरंतर उदय की उर्वर जमीन अनिवार्य है। इस सदी में भारत का इस खेल में एक ताकत बनना बड़ी उपलब्धि रहा है। बड़े टूर्नामेंट्स में भारत की मजबूत उपस्थिति है, यह इस बार भी जाहिर हुआ। लेकिन सर्वोच्च सफलताओं की कसौटी पर अभी मंजिल दूर है। प्रतिभाओं की खोज, खिलाड़ियों के लगन, प्रायोजकों की मदद, और खेल के उचित माहौल के तालमेल से ही यह दूरी तय की जा सकेगी।

# डोभाल की कूटनीति और भारत-चीन संबंधों में करवट

ललित गर्ग



भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों की तल्खी के बाद अब संवाद, संयम और व्यावहारिक सहयोग का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। इसे किसी अचानक आए परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को साथ लेकर चलने वाली एक दीर्घकालिक प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। इस बदलते परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनकर सामने आई है। 25 अगस्त को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता ने इस प्रक्रिया को ठोस आधार दिया है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने, सीमा निर्धारण की दिशा में शीघ्र एवं सार्थक प्रगति करने तथा सैन्य-द्विपक्षीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनाई है। डोभाल की बीजिंग यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह केवल सीमा विवाद पर बातचीत नहीं थी। यह उस व्यापक प्रश्न पर विमर्श था कि क्या भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सह-अस्तित्व, स्थिरता और पारस्परिक हितों का रास्ता तलाश सकते हैं। दोनों देशों ने दो अतिरिक्त सैन्य संपर्क-बिंदु और पूर्वी तथा मध्य क्षेत्रों में दो अतिरिक्त सैन्य दूरभाष संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। सीमा व्यापार, कैलाश-मानसरोवर यात्रा और सीमा-पार सहयोग को भी आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है अजीत डोभाल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सुरक्षा और कूटनीति को परस्पर विरोधी नहीं मानते। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है-मजबूत सुरक्षा-व्यवस्था ही प्रभावी कूटनीति की आधारभूमि बन सकती है। चीन के संदर्भ में भी भारत का संदेश यही रहा है कि सीमा पर शांति और स्थिरता के बिना द्विपक्षीय संबंधों का पूर्ण सामान्यीकरण संभव नहीं है। 25वें दौर की वार्ता में यही भारतीय दृष्टिकोण प्रमुखता से सामने आया। डोभाल का व्यक्तित्व केवल वार्ताकार का नहीं, बल्कि सुरक्षा रणनीतिकार का है। वे लंबे समय तक खुफिया तंत्र में रहे, विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में काम किया और बाद में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख बने। भारत सरकार के अनुसार, उन्होंने पूर्वोत्तर, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उनकी कार्यशैली में एक उल्लेखनीय संतुलन दिखाई देता है-जहां आवश्यक हो वहां कठोरता और जहां अवसर हो वहां संवाद। उड़ी के बाद की सर्जिकल कार्रवाई, बालाकोट की कार्रवाई, डोकलाम संकट के दौरान कूटनीतिक प्रयास और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका इसी व्यापक दृष्टिकोण के उदाहरण माने जाते हैं। 2026 में उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उसी वर्ष कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति तथा मतभेदों को संबंधों की समग्र दिशा को प्रभावित न करने देने पर जोर दिया था। यही वह बिंदु था जहां डोभाल की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई। दिसंबर 2024 में विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया अब 25वें दौर तक पहुंची है। इस बार आठ बिंदुओं पर बनी सहमति संकेत देती है कि बातचीत केवल औपचारिकता नहीं रह गई है। सीमा निर्धारण और सीमा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों को सक्रिय करना, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलतफहमी रोकने के लिए मौजूदा सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग और नए संपर्क तंत्र बनाना व्यावहारिक विश्वास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। 2026 में कैलाश-मानसरोवर यात्रा लिपुलेख और नाथू ला, दोनों मार्गों से संचालित हुई है। 25वें दौर की वार्ता में तीन निर्धारित सीमा व्यापार केंद्रों को फिर खोलने की प्रगति का स्वागत किया गया तथा व्यापार और तीर्थयात्रा को और मजबूत करने पर सहमति बनी। यह छोटा कदम नहीं है। सीमा पर सैनिकों की संख्या घटाना एक सुरक्षा उपाय है, लेकिन सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना दीर्घकालिक शांति की सामाजिक नींव तैयार करता है। शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा एक अवसर भी है, परीक्षा भी है। इसी पृष्ठभूमि में 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजर है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा की संभावना जताई जा रही है। यदि यह यात्रा होती है तो यह सात वर्षों में उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उनके साथ लगभग चार सौ अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आ सकता है। हालांकि 27 अगस्त तक चीन की ओर से उनकी यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए शी की संभावित यात्रा को केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी नहीं माना जाना चाहिए। यह भारत-चीन संबंधों की वास्तविक दिशा को परखने का अवसर हो सकती है। वर्ष 2019 का चेन्नई संवाद अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ था, लेकिन उसके एक वर्ष बाद गलवान ने संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया। अब यदि शी नई दिल्ली आते हैं तो दोनों देशों के पास उस टूटे हुए विश्वास को सावधानी से जोड़ने का अवसर होगा। लेकिन भारत को उत्साह में अपनी मूल सुरक्षा चिंताओं को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे, सीमा निर्धारण का लंबित प्रश्न और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पारदर्शिता जैसी चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए भारत की नीति मित्रता की आकांक्षा, लेकिन राष्ट्रीय हितों पर कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। डोभाल की विशेषता यही है कि वे संवाद को कमजोरी नहीं बनने देते और शक्ति को टकराव का पर्याय भी नहीं बनाते। उनकी कूटनीति में संदेश स्पष्ट है-भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा कीमत पर नहीं, सहयोग चाहता है, लेकिन समानता के आधार परय संबंध सुधारना चाहता है, लेकिन सीमा की वास्तविकताओं को भुलाकर नहीं। आज भारत-चीन संबंध जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां डोभाल की भूमिका संकटमोचक से आगे बढ़कर विश्वास-निर्माता और सुरक्षा-आधारित कूटनीति के सूत्रधार की बनती दिखाई देती है। 25वें दौर की वार्ता में हुई आठ सूत्रीय सहमति इसका प्रमाण है कि कठिनतम मतभेदों के बीच भी संवाद के रास्ते खुले रखे जा सकते हैं। शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा इस प्रक्रिया को शीर्ष नेतृत्व की राजनीतिक दिशा दे सकती है। किंतु असली सफलता किसी एक शिखर बैठक की तस्वीर में नहीं, बल्कि सीमा पर स्थायी शांति, पारस्परिक विश्वास, व्यापारिक संपर्क और विवादों के न्यायसंगत समाधान में होगी। भारत को चीन से संबंध सुधारने हैं, लेकिन अपनी सामरिक स्वायत्तता और सुरक्षा-सजगता के साथ।

## आलेख

# भारत में अमीर और गरीब की खाई बढ़ती जा रही

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल भी लाल किले से भाषण दिया आत्मनिर्भर भारत की सबसे ज्यादा बात कही। लेकिन दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता पहले कभी भी इतनी नहीं रही है। इसी तरह मोदी जनधन खाते, आधार और मोबाइल के हवाले दावा करते हैं कि भारत में बड़ी आबादी को अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा रहा है लेकिन असल में इतनी असमानता कभी नहीं रही। प्रधानमंत्री मोदी ने नारा दिया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा लेकिन भ्रष्टाचार का ऐसा इकोसिस्टम देश में इससे पहले कभी नहीं बना था। इन्सॉलवेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी आईबीसी लूट का कानून है। इस कानून के आधार पर एनसीएलटी और एनसीएलएटी में जो हो रहा है वह दुनिया के सामने है। अभी देश के एक कारोबारी सुभाष चंद्रा की खबर आई है कि उनका 22 हजार करोड़ रुपए का कर्ज साढ़े छह करोड़ रुपए में सेटल हुआ है। याना 21 हजार नौ सौ 93 करोड़ से ज्यादा रुपए बट्टेखाते में गए हैं! लेकिन सरकार की उपलब्धि बताने वाले सुहेल सेठ जैसे लोग सोशल मीडिया में पोस्ट लिख रहे हैं कि पहले 2014 में बैंकों का एनपीए 11 फीसदी था और अब 0.4 फीसदी रह गया है। एनपीए कैसे कम नहीं रहेगा, जब हर साल बैंकों का बकाया बट्टेखाते में डाल दिया जाएगा या आईबीसी के जरिए उसे खत्म कर दिया जाएगा तो एनपीए कहां से होगा! सरकार ने पिछले 12 साल में 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बट्टेखाते में डाले हैं और हर साल हजारों करोड़ रुपए आईबीसी के जरिए साफ किए जा रहे हैं। अगर आत्मनिर्भरता की बात करें तो दुनिया के देशों खास कर चीन पर भारत की निर्भरता इतनी बढ़ती जा रही है कि भारत उसका आर्थिक गुलाम बनने की ओर बढ़ रहा है। पहली बार चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। यानी चीन को हम जितना सामान बेचते हैं उससे 10 लाख करोड़ रुपए ज्यादा का सामान खरीदते हैं। भारत की फार्मा इंडस्ट्री से लेकर कृषि सेक्टर तक ज्यादातर सेक्टर ऐसे हैं, जिनका काम चीन के भरोसे चल रहा है। जिन सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही जा रही है उसमें भी चीन के बगैर काम नहीं चलेगा। और यह स्थिति इसके बावजूद है कि चीन लगातार भारत की जमीन हड़प रहा है और भारत को पेट्रोलिंग प्वाइंट से पीछे कर रहा है। 2020 में गलवान में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। उसके बाद चीन से कारोबार बंद होना चाहिए तो तो कारोबार बढ़ता जा रहा है। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब भारत अपनी जरुरत का 81 फीसदी तेल आयात करता था। उस समय मोदी ने कहा था कि भारत इस आयात को धीरे धीरे कम करेगा। उन्होंने कहा था कि भारत तेल की खोज और रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाएगा। लेकिन उलटा हुआ। तेल और प्राकृतिक गैस की खोज नहीं हुई उलटे ईंधन का आयात बढ़ कर लगभग 90 फीसदी पहुंच गया। तेल और गैस खोजने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी ओएनजीसी का सारा कैश गायब हो गया और एक्सप्लोरेशन का काम लगभग ठप्प हो गया। ऊर्जा से लेकर उपकरण और एआई तक सबमें भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। अगर भारत में बढ़ती असमानता की बात करें तो पेरिस की वर्ल्ड इनइक्विलिटी लैब की विश्व असमानता रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में अमीर और गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। देश की कुल संपत्ति का करीब 40 फीसदी हिस्सा ऊपर के एक फीसदी लोगों के पास हैं। देश के अमीर 10 फीसदी लोगों के पास कुल संपत्ति का 65 फीसदी हिस्सा है। अगर आय की बात करें तो देश की ऊपर की 10 फीसदी आबादी का आय में हिस्सा 58 फीसदी है, जबकि नीचे की 50 फीसदी आबादी का आय में हिस्सा सिर्फ 15 फीसदी है। दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले भारत में अरबपतियों की संख्या ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। चुनिंदा लोगों के हाथों में संपत्ति और आय का केंद्रीकरण ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी ने देश के असंगठित क्षेत्र और लघु व मझोले उद्यम को लगभग खत्म कर दिया। सरकार की नीतियों के कारण कोरोना महामारी के बाद भारत की अर्थव्यवस्था में 'के शेप' का विकास हुआ, जिसमें अमीर और अमीर होते गए, जबकि गरीब और नीचे जाते चले गए।

# अन्न का आरोग्य और संस्कार के साथ सीधा संबंध

विनीत नारायण

हम तेज़ी से एक बीमार देश बनते जा रहे हैं। हम बीमारी को डाक्टरी इलाज से ठीक करने में लाखों रुपया गवां देते हैं लेकिन बीमारी के कारणों को समझ कर जड़ से खत्म करने की कवायद नहीं करते। जबकि सच्चाई यह है कि अगर हम अपने धर्मशास्त्रों के अनुसार अपने भोजन और दिनचर्या को संचालित करें तो आधुनिक जीवन की चकाचौंध के बीच भी हम पूरी तरह स्वस्थ रह सकते हैं। आप भारत के किसी भी शहर या कस्बे में घूम कर देखिए तो सबसे ज़्यादा दुकानें अंग्रेज़ी दवाओं की मिलेंगी या पैथोलॉजी टेस्ट और एमआरआई आदि करने वाले सेंटर मिलेंगे या पचासों नर्सिंग होम व अस्पताल मिलेंगे। ज़ाहिर है कि हम तेज़ी से एक बीमार देश बनते जा रहे हैं। हम बीमारी को डाक्टरी इलाज से ठीक करने में लाखों रुपया गवां देते हैं लेकिन बीमारी के कारणों को समझ कर जड़ से खत्म करने की कवायद नहीं करते। जबकि सच्चाई यह है कि अगर हम अपने धर्मशास्त्रों के अनुसार अपने भोजन और दिनचर्या को संचालित करें तो आधुनिक जीवन की चकाचौंध के बीच भी हम पूरी तरह स्वस्थ रह सकते हैं। हज़ारों सालों से ऋषि मुनियों ने अपने अनुभव और ज्ञान के आधार पर इन धर्मशास्त्रों की रचना की थी जो कलयुग के प्रारंभ में छिन्न-भिन्न हो गए। इसलिए नेमिशारण्य में शौनक ऋषि के नेतृत्व में देश भर के कोने-कोने से अट्ठासी हज़ार ऋषि वहाँ ज्ञान चर्चा के लिए एकत्र हुए और लंबे व गहरे चिंतन व संवाद के बाद उस ज्ञान को लेकर पुनः भारत के कोने-कोने में पहुँच गए। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा और ये पद्धतियाँ समाज में स्वीकृत और प्रतिष्ठित हो गईं, जिनके अनुसार हम आज भी कुछ सीमा तक आचरण कर रहे हैं। उदाहरण के लिए फागुन पूर्णिमा को होलिकोत्सव करना, मकर संक्रांति के दिन तिल और गुड़ के लड्डू खाना और दान करना। सूर्य-चंद्र ग्रहण के समय खाना-पीना नहीं या फिर गणेश जी के पूजन के लिए दूर्वा का, शंकर जी के पूजन के लिए बेलपत्र का और विष्णु पूजन के लिए तुलसी पत्र का प्रयोग करना उसी परंपरा का प्रभाव है। इसी तरह विजयदशमी को शस्त्र पूजन करना, पाटी पूजन करना या विद्वानों को दक्षिणा देना, दीपावली के पहले अपने आवास की लिपाई-पुताई करना और लक्ष्मी पूजन के बाद दीपोत्सव करना। ये सब शास्त्र शुद्ध पद्धतियों का समावेश कर, जिन ग्रंथों की रचना की गई उन्हें धर्मशास्त्र कहते हैं। धर्म वही है जिसे प्रजा धारण करे यानी उसके अनुसार आचरण करे तो समाज को स्थिरता प्राप्त होती है। यही बात हमारे दैनिक आहार और पाक-क्रिया पर भी लागू होती है। हमारा आहार शास्त्र और पाक शास्त्र धर्मशास्त्रों का ही एक महत्वपूर्ण अंग है। जरा सोचें कि अधिकांश लोगों का भोजन, दाल-चावल, रोटी-सब्ज़ी होगा, यह किसने तय किया? दाल-सब्ज़ी को छौंकने का आविष्कार किसने किया होगा? श्राद्ध में उड़द की दाल की पकौड़ी, कचौड़ी, इमरती खाना और होली के दिनों में खजूर और ज्वार खाना और चैत्र के महीने में कड़वे नीम का रस पीना ये किसने और कब तय किया होगा? इन परंपराओं को हम केवल अंधविश्वास से नहीं बल्कि अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के उद्देश्य से आज भी निभाते आ रहे हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में इडली डोसा, महाराष्ट्र में वरण और भात, राजस्थान में दाल-बाटी और सैंगरी, गुजरात में भकड़ी और सुखड़ी, पंजाब में परांठे और लस्सी, उड़ीसा में पखालभात, बंगाल में माछ-भात, ये कैसे और कब हमारी दिनचर्या में आए और आज भी हम इनका पालन करते हैं। इसी तरह, भोजन बनाने की विभिन्न पद्धतियां, विभिन्न मसालों का प्रयोग, शुद्ध घी या फिर सरसों, तिल या नारियल के तेल का प्रयोग, भोजन परोसने की विभिन्न पद्धतियां, उनको पकाने और खाने के लिए विभिन्न धातुओं के पात्रों का प्रयोग किसने और कब सिखाया होगा? युगों से जो हम करते आए हैं वह हमें बहुत ही सहज और स्वाभाविक लगता है। पर विचार करने पर आश्चर्य होता है कि उन ऋषियों की समग्र बुद्धि और सूक्ष्मता पर, जिन्होंने इस विज्ञान को स्थापित किया। भोजन बनाना, परोसना और उसका आस्वादन करना, यह तत्वज्ञान है, यह यज्ञ है, शास्त्र है, कौशल है, कला है, रसास्वादन है, प्राणों की पुष्टि है, इन्द्रियों और मन का सुख है और यह हमारा संस्कार है। एक साथ पोषण, तोषण, संस्कार, आनंद और आत्म दर्शन है। अपनी संस्कृति के इन मूल तत्वों के कारण, भारत चिरंजीव बना है। इस वास्तविकता को अब पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। परंतु हम स्वयं ही आज इन बातों से विमुख हो गए हैं। मैकॉले की आजतक लागू शिक्षा पद्धति ने हमारी सोच को पूरी तरह बदल दिया है। अपने रीति-रिवाज़ों, परंपराओं, पद्धतियों और ख़ान-पान व पहनावे का सम्मान करने की बजाए हम उनका उपहास करना, आलोचना करना और उपेक्षा करना अपने आधुनिक होने का प्रमाण मानते हैं। हम अन्न को पवित्र मानने के स्थान पर उसे बाज़ार में बिकने वाला एक सामान्य पदार्थ मानने लगे हैं। अन्न का आरोग्य और संस्कार के साथ सीधा संबंध है, इस बात को भूल कर केवल स्वाद की संतुष्टि के लिए ही उसे ग्रहण करते हैं। इसलिए देश में अन्न का संकट और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संकट बढ़ गया है। जैस कोई हीरे को पत्थर समझ कर फेंक दे, वैसे ही हमने अपने शास्त्रों को फेंक दिया है और पश्चिम की बाज़ारू संस्कृति के गुलाम बन गए हैं। हमारे दैनिक जीवन में ऑनलाइन आनेवाला भोजन इसका प्रमाण है। जिसका परिणाम है आधुनिक चिकित्सा का दिन-दूना और रात-चौगुना बढ़ता कारोबार। उपरोक्त ज्ञान का आधार पुनरुत्थान प्रकाशन सेवा ट्रस्ट, कांकरिया, अहमदाबाद से प्रकाशित एक अत्यंत मूल्यवान ग्रंथ 'आहारशास्त्र' है जो आज हर घर में होना चाहिए। मात्र पाँच सौ रुपए का यह ग्रंथ पढ़कर हर महिला अपने घर को निरोगी, सुखी व संपन्न बना सकती है। इसी क्रम में याद आया कि कई बरस पहले अमरीका के कई बड़े शहरों में अपनी व्याख्यान माला के दौरान, लॉस एंजलेस से सैनहोज़े की फ्लाइट में एक वृद्ध अमरीकी महिला, जो मेरे साथ बैठी थीं, उनसे मैंने पूछा कि वे कहाँ जा रही हैं? वे बोलीं अपनी नातिन के पास।

# वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में आर्थिक विकास दर ने चौंकाया

प्रह्लाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। दिनांक 31 अगस्त 2026 को सायंकाल में केंद्र सरकार ने भारत के वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकड़े जारी किए हैं। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित अन्य वैश्विक संस्थानों, एसोचेम, भारतीय रिजर्व बैंक आदि के अनुमानों को धत्ता बताते हुए अप्रेल-जून 2026 की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि, उक्त संस्थानों ने उक्त अवधि में 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के बीच हासिल हुई है, इसलिए भारत के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी। रूस-यूक्रेन युद्ध तो बहुत लम्बे समय से चल रहा है, ईरान-अमेरिका/इजराईल युद्ध भी इस तिमाही में जारी रहा, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली थी। एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई थीं। ज्ञातव्य हो कि भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ओफ होर्मुज को बंद करने के पश्चात इस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों को रोक दिया गया था एवं कच्चे तेल की आपूर्ति पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा था। परंतु, भारत ने इस दयनीय स्थिति को बहुत ही सूझ बूझ के साथ सम्भाला और अन्य कई देशों से तेल एवं गैस का आयात जारी रखा, जिससे भारत में न तो तेल की आपूर्ति कम हुई और न ही भारत में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। जबकि अन्य कई देशों में तो पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। भारत के युवाओं (जेन-जी) को इस बात को समझना होगा कि भारत आज आर्थिक विकास के जिस दौर से गुजर रहा है, वह बहुत ही संवेदनशील है। यदि देश में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलायी जाती है तो आर्थिक विकास की पटरी से भारत डीरेल हो सकता है। आगे आने वाले 10 वर्षों तक भारत यदि विकास दर की इसी ट्रेजेक्टरी में अपने आप को बनाए रखने में सफल होता है तो भारत के वर्ष 1947 में विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है।




अर्थ के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अप्रेल-जून 2026 तिमाही में सराहनीय वृद्धि दर हासिल की गई है। सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही है जो अप्रेल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की रही थी। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की तिमाही में 8.3 प्रतिशत की रही थी जो इस वर्ष की तिमाही में बढ़कर 9.2 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार सेवा के क्षेत्र में भी आर्थिक विकास दर इस वर्ष की प्रथम तिमाही में बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 8 प्रतिशत रही थी। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग आधारित है, अतः निजी उपभोग में इस वर्ष की तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 6.8 प्रतिशत रही थी। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में भी अतुलनीय 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में केवल 5.8 प्रतिशत की रही थी। इसी प्रकार, रोजगार निर्मित करने वाले क्षेत्रों में भी विकास दर प्रभावशाली रही है। वित्तीय क्षेत्र में वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत की दर्ज हुई है तो व्यापार, होटल, यातायात एवं संचार के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की गई है। साथ ही गैस एवं विजली उत्पादन में भी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल भुगतान, फिन टेक, इंजिनीयरिंग डिजाइन, व्यापार परामर्श, वैश्विक ग्लोबल योग्यता सेंटर, आदि क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व में लीड कर रहा है। मेक इन इंडिया योजना ने भारतीय नागरिकों में जोश भरा और भारत की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व में बज गया है। दूसरे, भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया गया। इस योजना ने भारत को उपभोक्ता बाजार से निकालकर मजबूत वैश्विक विनिर्माण हब में बदल दिया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 14 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल उत्पादन हुआ है एवं 12 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए। इसके उपरांत प्रारम्भ हुई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत सड़क, रेल, बंदरगाह, एयरपोर्ट और लाजिस्टिक को पहली बार इंटीग्रेटेड तरीके से जोड़ने की कोशिश की गई। समर्पित मालवाहक गलियारों का निर्माण तो इस दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुए हैं। नए एक्स्प्रेस वे ने माल ढुलाई का समय घटाया। लागत को कम किया और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया। 86,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात इस सफलता की कहानी को दर्शाता है।

# जीवन ब्रह्मांड का सबसे बड़ा पाठ व पूरी सृष्टि सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी



**कुण्डलपुर (म.प्र.) (विश्व परिवार)।** जीवन स्वयं ब्रह्मांड का सबसे बड़ा पाठ और पूरी सृष्टि सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है।

उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझाते हुए व्यक्त किये !उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा संस्कारमुखी होने के बजाय केवल डिग्रीमुखी होती जा रही है। किताबी पाठ्यक्रम तो विद्यार्थी पूरा कर लेते हैं, लेकिन जीवन के पाठ्यक्रम में पीछे रह जाते हैं। पाठ केवल वह नहीं है जो पन्नों पर लिखा हो या किसी सिलेबस में दर्ज हो। पाठ वह अदृश्य सूत्र है, जो मनुष्य को अज्ञान से बोध की ओर ले जाता है। किसी बात को जान लेना मात्र ज्ञान नहीं है, बल्कि उसके पीछे छिपे गहरे अर्थ को समझना और उसे अपने जीवन में उतारना ही वास्तविक सीख है।

जीवन स्वयं एक पाठ है और मनुष्य को इसे केवल जीना नहीं, बल्कि हर क्षण इससे कुछ सीखना चाहिए।आज मनुष्य किताबी शिक्षा, डिग्री और करियर की दौड़ में इतना आगे निकल गया है कि जीवन से मिलने वाली वास्तविक शिक्षा को पीछे छोड़ता जा रहा है,मुनि श्री ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा अच्छे से अच्छे विश्वविद्यालय में पढ़े,और बड़ी डिग्री हासिल करे तथा सुरक्षित करियर बनाए।बच्चे भी नामी संस्थानों तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। शिक्षा के प्रति यह जागरूकता आवश्यक है, लेकिन प्रश्न यह है कि जिस जीवन को संवारने के लिए हम इतनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, क्या कभी यह जानने का प्रयास किया कि हमारा बच्चा क्या कर रहा है?

मुनि श्री ने कहा कि आज विद्यार्थी स्ट्रेस मैनेजमेंट और इमोशनल इंटेलिजेंस जैसे विषयों की परिभाषाएं याद कर परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन नौकरी में थोड़ा दबाव या निजी जीवन में कोई परेशानी आने पर मानसिक रूप से विचलित हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि हमने अक्षरों को पहचान लेने को पाठ और डिग्रियों के अंबार को योग्यता मान लिया है। जीवन का पाठ तब तक पूरा नहीं होता, जब तक वह व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में उतरकर जीवन का हिस्सा न बन जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नैतिक शिक्षा की किताब में पढ़ते हैं कि अपरिग्रह और संतोष परम सुख के आधार हैं तथा लालच विनाश का कारण है, लेकिन व्यवहार में धन के लालच में रिश्वत, मिलावट और दूसरों के अधिकारों का हनन करने वाले लोग भी दिखाई देते हैं। इसलिए कोई भी पाठ तब तक केवल बेजान जानकारी है, जब तक वह आचरण में नहीं उतरता। जान लेना ज्ञान नहीं है। रावण भी बहुत कुछ जानता था, लेकिन उस ज्ञान को जीवन में स्वीकार नहीं कर पाया।मुनि श्री ने कहा कि संसार रूपी विश्वविद्यालय में मनुष्य को अनेक शिक्षक मिलते हैं। इनमें पहला शिक्षक 'घटना रूपी शिक्षक' है। जीवन में घटने वाली प्रत्येक घटना अपने भीतर कोई न कोई शिक्षा लेकर आती है। छोटी-छोटी गलतियां और आपसी मतभेद मनुष्य को सहनशीलता और सजगता सिखाते हैं, जबकि असफलता, वियोग, मृत्यु, संकट और धोखा जैसे कठिन अनुभव धैर्य, वैराग्य और समता का पाठ पढ़ाते हैं।

## जिन शासन एकता संघ के माध्यम से गरीब और रोगियों की सेवा करें : राष्ट्र संत मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज

- राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ का इन्दौर में हुआ राष्ट्रीय अधिवेशन



**इन्दौर (विश्व परिवार)।** किसी भी संगठन की शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता होता है राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ मन्दिर के बाहर सड़क पर समाज सेवा के संकल्प के साथ काम करने आगे आया था हमें किसी संस्था संगठन जाति से मतलब नहीं है हमें समाज सेवा गरीब के आंसू पोंछने के लिए हमेशा तैयार होने का संकल्प करना है रोगी का कष्ट दूर करने की दिशा में आप क्या क्या कर सकते हैं अपनी शक्ति के अनुसार आप हर स्तर पर सेवा कर सकते हैं सबसे खूबसूरत का नियम हो हर व्यक्ति की जेव में एक नहीं दो रूमाल हो एक अपने चहरे को चमकाने व दूसरा किसी दु:खी की आंख का आंसू पोंछने के लिए हर समय तैयार रहे महिलाओं का संकल्प लेना बहुत ख़तरनाक है यदि ये किसी बात पर अठ गई तो श्री मानो को काम करना ही होगा बहुत अच्छा प्रायास है जितना करें कम है

उक्त आश्य के उद्गार दलाल बाग मे विशाल जिन शासन एकता संघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत राजकीय अतिथि मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने व्यक्त किए इसके पहले राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रारंभ में दिल्ली पुलिस के पूर्व डीजीपी शान्त कुमार पूर्व जस्टिस अभय गोयल जस्टिस एन? के जैन मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा इन्दौर सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद नवीन गोधा चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष अशोक दोशी आशा रानी पड्या ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुंगव श्री सुधा सागर ने बहुत बड़ा सन्देश दिया है जहां जो बैठा है वह उसी स्थान से समाज सेवा कर सकता है आप अपने प्रतिष्ठानो में वृद्धि करके साधर्मिक वन्धुओ को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करायें अन्य योग्य लोगों के जीवन यापन के लिए रोजगारो का सृजन कर डा एक मरीज का नि:शुल्क उपचार करें सिर्फ एक इन्जिनियर अपनी योग्यता से दूसरों का सहयोग वने ये इतने व्यापक सूत्र है कि हम आज के सन्देश के आधार पर जीवन भर काम कर सकते हैं।

## शिवभक्ति में लीन लोहाणा समाज, युवा मंडल ने आयोजित किया 21वां भव्य महाभिषेक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री लोहाणा युवा मंडल, रायपुर द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए 21वें वर्ष भी श्री शिव महाभिषेक का आयोजन रविवार दिनांक 06 सितंबर को श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर, बुढ़ापारा में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। विगत 20 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में बड़ी संख्या में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक किया। यह आयोजन का शुभारंभ प्रात: 9 बजे पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक के साथ हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत अभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। इसके पश्चात प्रात: 11:30 बजे दही हांडी उत्सव, दोपहर 1:30 बजे महाप्रसादी तथा 3 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। वही रुद्राभिषेक के यजमान के रूप में विनय भाई नथवाणी, मनीष भाई राणा, रविभाई मानसाता, विशाल भाई ठक्कर, प्रशांत भाई जसाणी, चिराग भाई लाखाणी, विकास भाई माणेक एवं रीमा बेन खाखरिया ने सहभागिता दी। वहीं महाप्रसादी के यजमान स्व. शशिकांत जमनादासभाई मिराणी, महाआरती के यजमान नितेश भाई रायचा तथा दही हांडी उत्सव की यजमान अनिता बेन ठक्कर रहीं।इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में सदस्य परिवार के साथ श्रद्धा भक्ति-भाव से उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान बुढ़ेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं महाप्रसादी का लाभ लिया।

## सनातन के उच्च नैतिक मूल्यों से सजी, सार्थक उद्देश्य को लेकर बनी फिल्म-हनुमान अंश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हनुमान अंश मूवी की शुरुआत एक ग्रामीण परिवार से होती है। बालक लक्ष्मी नारायण शर्मा जो आगे चलकर नीब करोली बाबा के नाम से मशहूर होते हैं का बचपन दिखाया जाता हैद्य बचपन में ही माँ के निधन से बालक विचलित है, माँ से हर हाल में मिलना चाहता है। लोगों के यह बतलाने पर कि श्री राम ही माँ से मिलवा सकते हैं और श्री राम से हनुमान मिलवा सकते हैं, बालक लक्ष्मी नारायण सीताराम और हनुमान की खोज में लग जाता है। पिताजी के द्वारा पुनर्विवाह करना बालक को रास नहीं आता और वह घर छोड़कर श्री राम की खोज में निकल पड़ता है। फिल्म में बालक के मनोभावों का बेहद सजीव चित्रण किया गया है।

बाल कलाकार का अभिनय सहज स्वाभाविक है। घटनाक्रम इस प्रकार गति लेता है कि कहीं कोई नाटकीयता नहीं लगती। गाँव के दृश्य, झील,



पहाड़, जंगल ग्रामीणों के आपस में बातचीत करने का अंदाज़, पहनावा सब कुछ सटीक है।

नीब करोली बाबा बने कलाकार का अभिनय इतना स्वाभाविक (नेचुरल) एवं प्रभावी है कि बाबा के साथ सभी दर्शक स्वत: जुड़ जाते हैं। सहज मुस्कान, सरल शब्द, सादगी, पहनावा आदि सब प्रभावित करते हैं। नीब करोरी बाबा रमता जोगी बहता पानी हैं किसी से आसक्ति नहीं, फिल्म में इस बात को बखूबी दर्शाया गया है।

बाबा किसी बीमार को आशीर्वाद भी देते हैं तो साथ में डॉक्टर को दिखाने की सलाह अवश्य ही देते हैं, पैसों का कोई लालच नहीं भगवान (हनुमान) की मूर्ति खुद तराश कर बनाते हैं और मूर्ति हेतु भेंट स्वरूप मिला स्वर्ण मुकुट लौटा देते हैं। आज़ादी के दीवानों से तो बाबा को ख़ास लगाव है। हनुमान जी के साथ-साथ बाबा के आम आदमी से जुड़ाव का चित्रण फिल्म को ख़ास बना देता है।

छोटे से रोल में भी बाबा की धर्मपत्नी का किरदार नायिका ने बखूबी निभाया है। भक्ति मार्ग पर होने के बाद भी बाबा पत्नी की इच्छा का मान रखते हुए दाढ़ी बनवा लेते हैं। बाबा सहज हैं भक्ति का अभिमान नहीं है। ट्रेन से उतारे जाने पर और फिर ट्रेन के नहीं चलने पर बाबा के चेहरे पर शांति का भाव है द्य कर्ता तो हनुमान जी हैं, बाबा नहीं द्य फिल्म में ये जो दृश्य फिल्माए गए हैं उनमें पूरी स्वाभाविकता है। 70-80 साल पहले के दृश्य को आज के समय उसी रूप में शूट कर लेना काफी श्रम-साध्य है।

कलाकारों के अभिनय में कोई उलझन नहीं है सभी ने अपना 200त्न देने का सफल प्रयास किया है फिल्म में जो भक्ति गीत, लोकगीत रखे गए हैं वे फिल्म की कहानी से स्वाभाविक रूप से मेल खाते हैं।

## चमत्कारी जैन दादाबाड़ी पर्युषण पर्व भक्ति कॉन्सर्ट में जेन जी विरति ग्रुप के भजनों में झूमे श्रद्धालु



**रायपुर (विश्व परिवार)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नवांगी पूजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रात: जिनमंदिर के पट खुलते ही श्रावक श्राविकाओं का आना आरम्भ हो गया सर्वप्रथम स्नात्र पूजन के परमात्मा का जन्मकल्याणक मनाया गया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस की प्रभु भक्ति जेन जी के नाम रही। बच्चों के सुप्रसिद्ध विरति ग्रुप की लब्धि परिधि व प्रणीत भंसाली ने मंगलाचरण के बाद हाथों में लेके गुलाब चला रे मैं तो सीमंधर प्रभु के द्वार चला रे भजन से आगाज किया। जीवों पे जो हर पल करता करुणा की बरसात , महापर्व पर्यूषण है यह पर्वों का सरताज गीत से भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो को गुंजायमान कर दिया। हाथों में ले के गुलाब चला रे मैं तो सीमंधर प्रभु के द्वार चला रे , और हमको नही निराश होना चाहिए दादा पे विश्वास होना चाहिए भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे। आज की प्रभुभक्ति के लाभार्थी संतोष जी सरला देवी बैद परिवार हैं। कल 9 सितम्बर को भैरव भक्त मण्डल द्वारा प्रभु भक्ति होगी।

## भोग छोड़ो, योग धारण करो, उत्साहपूर्ण जीवन जियो




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** दिगम्बर जैन आचार्य ती विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्म-सभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि भावना हमेशा श्रेष्ठ ही भाना चाहिए। भावना भव नाशनी होती है। शुभ-भावना से शुभास्त्रव होता है और अशुभ भावना से अशुभ- आसव होता है। जितना कर्म का बंध व्यक्ति भोग भोगकर नहीं करता है उससे भी अधिक बंध व्यक्ति भोग-भावना से कर लेता है।

भोग ही रोग है और अतिभोग भयंकर बीमारियों की जड़ है। भोगों में लिप्त होकर मानव दुर्गति को प्राप्त होता है। भोगों में लिप्त लंपटी मरकर दुर्गति को प्राप्त होता है। भोग-भावना योग साधना की ओर नहीं बढ़ने देती है। सुख-शांति प्राप्त करना है, तो भोगों को छोड़कर योग धारण करो।

त्याग ही सुख का साधन है। त्याग से आनन्द आता है। त्याग मुक्ति का साधन है। त्याग मुक्ति का द्वार है। त्याग के मार्ग पर चलने वाला परम-शांति को प्राप्त करता है। त्याग करो, मुक्ति प्राप्त करो। मलिन चित्त धारक शांति प्राप्त नहीं कर सकता।

भोजन करना भी एक कला है। अति भोजन बीमारी एवं कुमरण का कारण बन जाता है। कषाओं को सीमित करो। पर्युषण-पर्व भावों की शुद्धि का पर्व है, इसमें सज्जन संयम-साधना पूर्वक उत्सव मनाते हैं। यह तप, त्याग का महोत्सव है। उपहास से बचना है, तो उपवास प्रारम्भ करो। उपवास परम-औषधि है। सीमित बोलो, अल्प भोजन करो।

उत्साह शक्ति के साथ जीवन जियो। परिवार, समाज में उमंग, उत्साह होना चाहिए। उत्साह महाशक्ति है। उमंग के साथ कार्य करो। जो उत्साह के साथ कार्य करेगा, वह सुखद-फल प्राप्त करेगा। वाहन के पहिये में हवा भरदो तो वह हजारों किलो मीटर दौड़ना है, ऐसे-ही जिसके अन्दर उत्साह-शक्ति होगी वह असम्भव कार्य को भी सम्भव कर लेता है। नेता, सैनिक शिक्षक, विद्यार्थी एवं भोजन में उत्साह होगा, तो विश्व का विकास होगा। जन-जन में उत्साह का संचार करो।

## जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस एवं हरे कृष्ण मूवमेंट भिलाई-रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका मैथिली ठाकुर ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम 3 सितंबर 2026, गुरुवार को शाम 6:30 बजे आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक संध्या में श्रद्धालुओं के लिए रोटरी क्लब ऑफरायपुर ऐलिगेंस द्वारा अन्नप्रसाद (महाप्रसाद) का वितरण किया गया। अन्नदान के माध्यम से सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश दिया गया।

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस की अध्यक्ष रोटेरियन



प्रियंका गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आयोजकों, सदस्यों एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की भक्ति और सेवा का यह सुंदर संगम समाज में प्रेम, करुणा और मानवता की भावना को और मजबूत करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सेवा-समर्पित आयोजन रोटरी के Service Above Self के भाव को सार्थक करते हैं।

## प्रेस क्लब में तीज महोत्सव, तीज क्वीन बनी नेहा श्रीवास्तव

- हरियाली तीज का ताज़ मधुमिता पाल और अंबिका मिश्रा को

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भावना बोरा और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा की मौजूदगी में तीजा महोत्सव के तहत रैंप वॉक, डांस, गायन एवं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं सहित विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम में महिला पत्रकारों एवं प्रेस क्लब की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।



महोत्सव में पारंपरिक तीजा उत्सव की संस्कृति और आधुनिक अंदाज का सुंदर समन्वय देखने को मिला। रैंप वॉक के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं डांस और गायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका

विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका पूर्व पत्रकार एवं भाजपा प्रवक्ता शताब्दी पांडे और समाजसेवी श्वेता पड्डा ने निभाई। प्रतिभागियों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व और रचनात्मकता के विभिन्न पहलुओं का आकलन कर विजेताओं का चयन किया गया। तीजा महोत्सव के इस आयोजन में तीज क्वीन का खिताब नेहा श्रीवास्तव को हरियाली क्वीन संयुक्त रूप से मधुमिता पाल एवं अंबिका मिश्रा को मिला वही फोटोजेनिक क्वीन - तजीन नाज, कॉन्फिडेंस क्वीन - महिमा पांडे, चार्मिंग क्वीन - निक्की श्रीवास्तव, डांस क्वीन - अंकिता टाटिया, एलिगेंट क्वीन - रत्ना पांडे, फैशन क्वीन - श्वेता शर्मा, टैलेंट क्वीन - ज्योति सिंग, तीज पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर - शकुंतला तरार, बेस्ट हेयर स्टाइल - रुमा सेनगुप्ता, गेम्स स्पिरिट क्वीन - कमलेश्वरी साहू, बेस्ट ड्रेस्ड क्वीन - वर्षा यादव, बेस्ट स्माइल - तृषा अग्रवाल, बेस्ट मेकअप - डॉ. आकांक्षा दुबे, डांस में महिला प्रतिभाओं ने दी शानदार प्रस्तुति।

## AM/NS इंडिया-टाइम्स फाउंडेशन ने बस्तर के विद्यार्थियों को दिया क्रिटिकल थिंकिंग का राष्ट्रीय मंच

- किरंदुल के 87 विद्यार्थी 'नेशनल क्रिटिकल थिंकिंग चैम्पियनशिप' के अगले चरण के लिए चयनित



**किरंदुल (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल का परिचय देते हुए 'AM/NS इंडिया-टाइम्स नेशनल क्रिटिकल थिंकिंग चैम्पियनशिप' में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। चैम्पियनशिप के प्रथम चरण में किरंदुल और आसपास के विद्यालयों के 87 विद्यार्थियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया है।

आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टाइम्स फाउंडेशन की संयुक्त पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि तार्किक विश्लेषण, स्वतंत्र सोच, निर्णय क्षमता और वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझने एवं उनका समाधान तलाशने जैसे भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना है।

चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए मंगल भवन, मिलेनियम पार्क फुटबॉल ग्राउंड, किरंदुल में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

यह चैम्पियनशिप टिकनपाल, चोलनार, किरंदुल ग्रामीण, कड़मपाल, किरंदुल शहर, हिरोली और गुमियापाल सहित सात संकुल केंद्रों के विद्यालयों में आयोजित की गई थी। विभिन्न विद्यालयों से भाग लेने वाले विद्यार्थियों को ऐसे प्रश्नों और गतिविधियों के माध्यम से अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला, जिनमें तथ्यों को समझने के साथ-साथ उनका विश्लेषण करने, अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार करने और तर्क के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचने की आवश्यकता थी।

### दूरस्थ अंचलों के बच्चों तक भविष्य के कौशल की पहुंच

इस पहल का महत्व इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक अवसरों से जोड़ती है। देश में तेजी से बदलते शिक्षा और रोजगार के परिदृश्य में क्रिटिकल थिंकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग और रचनात्मकता को भविष्य के महत्वपूर्ण कौशलों के रूप में देखा जा रहा है।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उस भावना के अनुरूप है, जिसमें शिक्षा को रटने पर आधारित पद्धति से आगे ले जाकर विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, जिज्ञासा, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता विकसित करने पर बल दिया गया है।

AM/NS इंडिया का प्रयास है कि औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े क्षेत्रों में शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों का विस्तार हो तथा स्थानीय विद्यार्थियों को ऐसे मंच उपलब्ध हों जो उन्हें बदलती दुनिया की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर सकें। टाइम्स फाउंडेशन के साथ यह पहल इसी दिशा में विद्यार्थियों को व्यापक शैक्षणिक अनुभव और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराती है।

## स्वर्ण प्राशन शिविर में 403 बच्चों ने लिया लाभ



**अकलतरा (विश्व परिवार)।** जैन भवन में आयोजित स्वर्ण प्राशन शिविर में आज 345 बच्चों ने नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन औषधि का सेवन कर लाभ लिया। वहीं आचार्य विद्यासागर अकैडमी स्कूल, अकलतरा में आयोजित शिविर में 58 बच्चों ने स्वर्ण प्राशन का लाभ प्राप्त किया।

इस प्रकार आज दोनों स्थानों पर कुल 403 बालक-बालिकाओं ने स्वर्ण प्राशन शिविर का लाभ लिया। शिविर का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना तथा उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। उक्त जानकारी दिगंबर जैन समाज अकलतरा के सचिव श्रीजीत जैन दरा प्रदाय की गई।

# ज्ञान अमृत स्कूल में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित



**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश हाई स्कूल धमतरी में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा महापौर नगर पालिक निगम धमतरी, विशेष अतिथि डॉ प्रदीप कुमार शर्मा सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, राजेश तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमुड़ा नगरी, अध्यक्षता विनोद कुमार पाण्डेय प्राचार्य ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी एवं मंच पर छात्र संघ के अध्यक्ष चि.अजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलित कर किया गया। शिक्षकों के सम्मान में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान श्रीफल, पुष्पगुच्छ, कलम भेंट कर किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्र संघ अध्यक्ष अजय कुमार एवं छात्र संघ पदाधिकारी तथा समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश देवांगन एवं राजेश पाण्डेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, राजेश तिवारी का सम्मान शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति शिक्षक डॉ प्रदीप शर्मा का व्यक्तित्व परिचय कु तारिणी बावने एवं राजेश तिवारी का व्यक्तित्व परिचय कु नंदिता सारसर द्वारा पठन किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह छात्र संघ अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा ने समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान नहीं देते बल्कि, उनके व्यक्तित्व संस्कार और भविष्य की नींव तैयार करते हैं। एक शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के पूरे जीवन की दिशा बदल सकता है इसलिए शिक्षक का सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और शिक्षा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आज के विद्यार्थी ही आने वाले समय में देश और समाज का नेतृत्व करेंगे, इसलिए उन्हें संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महापौर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपने जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विशेष अतिथि डॉक्टर प्रदीप शर्मा एवं राजेश तिवारी ने बच्चों की प्रतिभा का सराहना करते हुए कहा कि मेरे प्रिय विद्यार्थियों आपके जीवन में आपका शिक्षक केवल पाठ्य पुस्तक का ज्ञान देने वाले व्यक्ति नहीं है। वे आपके भीतर अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने वाले मार्गदर्शक है। इसलिए शिक्षक का सम्मान केवल शिक्षक दिवस पर नहीं बल्कि प्रतिदिन होना चाहिए। आपको अंक आगे बढ़ने का अवसर दे सकते हैं लेकिन संस्कार ही आपके जीवन में ऊंचा उठाते हैं इसलिए खूब पढ़िए, बड़े सपने देखिए, असफलताओं में मत घबराइए और अपने माता.पिता तथा गुरुजनों के प्रति सदैव सम्मान बनाए रखिए। विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों से अपेक्षा करते हुए कहा कि आपके हाथों में केवल चाक और पुस्तक नहीं है, बल्कि एक पूरी पीढ़ी का भविष्य है। आपकी कही हुई एक प्रेरणादायक बात किसी विद्यार्थी का जीवन बदल सकती है और आपका दिया हुआ विश्वास किसी बच्चे को उसकी मंजिल तक पहुंचाने का मार्ग दिखा सकता है। इसलिए शिक्षक होना केवल एक नौकरी नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, साधना और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। मैं अपने विद्यार्थियों पलको और शिक्षक साथियों से केवल एक छोटा सा संकल्प चाहता हूं शिक्षक ज्ञान देंगे, विद्यार्थियों उसे अपने जीवन में उतरेंगे।

# किरंदुल परियोजना प्रबंधन ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**किरंदुल।** किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा परियोजना विद्यालय के सभागार में वृहद स्तर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, प्रकाश विद्यालय, विद्या मंदिर, भारत माता मॉडल स्कूल एवं प्रौढ़ शिक्षा केंद्र के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन आहुजा, मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जे.सी. दास, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), एम. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (एमएंडएस)/टीआई, एवं के.एल. नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए के.एल. नागवेणी ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। जीवन के किसी भी पड़ाव पर शिक्षक की आवश्यकता होती है। शिक्षक समाज की रीढ़ है जो हमारे चरित्र निर्माण और भविष्य को आकार देकर देश का आदर्श नागरिक बनाने में मदद करता है। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट शिक्षण हेतु सर्टिफिकेट एवं उपहार वितरित किए। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में बी. साम्या, महाप्रबंधक (सामग्री), सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशि. व सुरक्षा), एम. तिरुपति राव, उप महाप्रबंधक, अनिल वाल्मीकि, उप महाप्रबंधक, देवरायलू, अध्यक्ष, रोशन मिश्रा, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस, विनोद कुमार कश्यप, अध्यक्ष, ए.के.सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, बी.एल. तारम, अध्यक्ष, एनएससीएसटी कर्मचारी कल्याण समिति, शैलेंद्र सोनी, सहा. महाप्रबंधक, नरेंद्र अंबाडे, सहा. महाप्रबंधक, दीपक पाल, सहा. महाप्रबंधक, प्रमोद कुमार, सहा. महाप्रबंधक (सुरक्षा) सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुनामी हंसदा, उप प्रबंधक एवं रोजी निरोला ने किया, जबकि अंत में मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा।

# ग्राम नारी की घटना हादसा नहीं हत्या: तारिणी चंद्राकर



**धमतरी।** कुरुद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नारी में विगत दिनों हुई हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अवैध रेत परिवहन की अंधाधुंध और बेकाबू दौड़ के कारण आज एक और हंसते.खेलते परिवार ने अपना चिराग खो दिया। इस बेहद दुखद और दर्दनाक हादसे के बाद धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक आम हादसा नहीं है, बल्कि प्रशासन और सत्ता के संरक्षण में चल रहे अवैध कारोबार की वजह से हुई हत्या है। उन्होंने स्थानीय भाजपा विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा अत्यंत दुखद है कि क्षेत्र के विधायक को जनता के इस गहरे दर्द और जनभावनाओं से कोई सरोकार नहीं है। उनकी चुप्पी इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उन्हें जनता की जान-माल से ज्यादा रेत माफिआओं के हितों की चिंता है। चंद्राकर ने स्थानीय प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों के तहत वर्तमान में सभी रेत खदानें पूरी तरह से बंद हैं। इसके बावजूद नदियों का सीना चीरकर धड़ल्ले से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। उन्होंने क्षेत्र की जमीनी हकीकत उजागर करते हुए कहा कि कोकड़ी रोड में कई अवैध रेत डंप मौजूद हैं, जिसकी पूरी जानकारी स्थानीय प्रशासन को है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं, जिसका खामियाजा क्षेत्र की मासूम जनता को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। आगे कहा कि पीड़ित परिवार को तत्काल उचित और सम्मानजनक आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। दोषी वाहन चालक और अवैध कारोबार के मुख्य सरगनाओं के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में संचालित सभी अवैध रेत डंपों को तत्काल जब्त कर बंद कराया जाए। तारिणी चंद्राकर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने अवैध रेत परिवहन पर तुरंत पूरी तरह रोक नहीं लगाई और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक और सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# आईएससीएल सीजन 2 का आगाज

## 32 टीमें, 127 मुकाबले और भारतीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट के लिए बड़ी सोच

इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) ने आज अपने दूसरे सीजन की शुरुआत की। इस बार लीग अपने पहले सीजन के मुकाबले लगभग तीन गुना बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है। देशभर की 32 टीमें कुल 127 मुकाबले खेलेंगी। बेंगलुरु में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गई, जिसमें दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी, लीग के अधिकारी और नए व्यावसायिक साझेदार शामिल हुए। आईएससीएल और इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फाउंडेशन (आईएससीएफ) के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. गंगाधर राजू ने कहा दो साल पहले हम सिर्फलोगों को यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि सॉफ्टबॉल क्रिकेट को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। आज हमारे साथ 32 टीमें हैं और ऐसे छोटे शहरों एवं कस्बों से खिलाड़ी आ रहे हैं, जिनके बारे में बहुत से लोगों ने शायद सुना भी न हो। यही सीजन 2 की असली कहानी है। अब यह सिर्फ हमारे बारे में नहीं है, बल्कि उन खिलाड़ियों के बारे में है, जिन्होंने अपने खेल के दम पर इसे यहां तक पहुंचाया है। सोनी स्पोर्ट्स के एवीपी कौशिक कल्लूरी ने कहा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क में हमारे लिए साझेदारी का मतलब केवल किसी खेल को टेलीविजन पर दिखाना नहीं है। आईएससीएल की कहानी खास है, क्योंकि इसकी शुरुआत जमीनी स्तर से हुई है और यह खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा बड़े मंच पर दिखाने का अवसर देता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह इस सीजन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में लीग से जुड़े हैं। हरभजन सिंह ने बताया कि लीग से जुड़ने की सबसे बड़ी वजह युवा खिलाड़ियों को मिलने वाला अवसर है। उन्होंने कहा कि लीग का दायरा बढ़ने से ज्यादा से ज्यादा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और पहचान बनाने का मौका मिलेगा। उन्होंने इसे अपने दिल के बेहद करीब बताया। लीग ने इस सीजन के लिए अपने प्रसारण और व्यावसायिक साझेदारों की भी घोषणा की। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क आधिकारिक प्रसारण साझेदार के रूप में जुड़ा है। इसके साथ पहली बार इतने बड़े स्तर पर आईएससीएल के मुकाबले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन दर्शकों तक पहुंचेंगे। स्क्रीनॉक्स आधिकारिक स्क्रीनिंग साझेदार के रूप में देशभर में 1,500 से अधिक स्क्रीन पर आईएससीएल के मुकाबले दिखाएगा। वहीं, मायएशिया रणनीतिक साझेदार के रूप में जुड़ा है, जो आईएससीएल को एक अंतरराष्ट्रीय लीग के साथ-साथ व्यावसायिक रूप से मजबूत खेल मंच के रूप में विकसित करने में सहयोग करेगा।

# वासुदेव सुंदरानी का निधन



**धमतरी।** सिहावा रोड निवासी वासुदेव सुंदरानी 47 वर्ष सुपुत्र स्व.मोहनलाल सुंदरानी का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह 11.30 बजे निवास स्थान अर्जुन रेसीडेंसी, सिहावा रोड से निकाली गई जिसमें समाजजन समेत अनेक लोग शामिल हुए। वे श्यामलाल, दिलीप कुमार, अनिल सुंदरानी के भाई, तुषार के पिता एवं संजू, प्रेम, विवेक चाचा थे।

# ग्राम कंडेल में युवक की हत्या

**धमतरी।** धमतरी जिले के अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम कंडेल में बीति रात 30 वर्षीय युवक पारसमणी साहू की चाकू से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया गया। इस घटना से ग्राम कंडेल सहित आसपास के गांवों में दहशत का वातावरण निर्मित हो चुका है। हत्या की खबर पर अर्जुनी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये रवाना किया। वरदान परामर्श सेवा समिति के शिवा प्रधान, डोमन साहू मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार अज्ञात आरोपी ने युवक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला किया जिससे युवक की मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए छानबीन प्रारंभ कर दिया गया।

# वेदांता ने पूरे भारत में 6 लाख से अधिक बच्चों और युवाओं के लिए सीखने के रास्ते बनाए

**नई दिल्ली:** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर, वेदांता ग्रुप ने देश भर में 6 लाख से ज़्यादा बच्चों और युवाओं के लिए सीखने के रास्ते बनाने की अपनी कोशिशों को उजागर किया है। अपने इन प्रयासों के तहत वेदांता ने 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया है तथा 15,000 से अधिक नंद घरों और 500 स्कूलों एवं कम्युनिटी लर्निंग सेंटरों के ज़रिए शैक्षणिक पहलों को अंजाम दिया है। शुरुआती बचपन के विकास और बुनियादी शिक्षा से लेकर स्टैम शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, मेंटरशिप, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और व्यवसायिक कौशल तक, वेदांता ने सुनिश्चित किया है कि बच्चों की परिस्थितियाँ उनकी आकांक्षाओं को सीमित न कर दें।

वेदांता का दृष्टिकोण लर्निंग के त्रि-आयामी तरीके पर आधारित हैः 1) शुरुआती बचपन की शिक्षा, बुनियादी शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के ज़रिए मज़बूत नींव बनाना; 2) एकेडमिक सपोर्ट, रेमेडियल टीचिंग, टेक्नोलॉजी, मेंटरशिप और एक्सपोज़र के माध्यम से लर्निंग और महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देना; और 3) शिक्षा को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यवसायिक कौशल, रोज़गार की क्षमता और आजीविका से जोड़कर नए अवसर उत्पन्न करना। सरकारी संस्थानों, स्कूलों, शिक्षकों, समुदायों और इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर्स के साथ मिलकर, यह ग्रुप सीखने के नतीजों को बेहतर बना रहा है; प्रयास कर रहा है कि बच्चों की स्कूली शिक्षा बीच में ही न छूट जाए; साथ ही ऐसे रास्ते बना रहा है जो शुरुआती शिक्षा को बुनियादी स्किल्स से, एकेडमिक तरक्की को उच्च शिक्षा से, और शिक्षा को कौशल और रोज़गार से जोड़ते हैं। इसमें भी ग्रामीण, आदिवासी और कम सुविधा वाले समुदायों के बच्चों एवं युवाओं पर खास ध्यान दिया जाता है।

**मज़बूत नींव बनाना-** लर्निंग की यात्रा बचपन के शुरूआती वर्षो में ही शुरू हो जाती है। जब शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास की मज़बूत नींव बच्चे के भविष्य को आकार दे सकती है।

वेदांता की नंद घर पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ियों को विकास के सर्वांगीण केंद्रों के रूप में आधुनिक बनाना है। इस पहल के ज़रिए ग्रुप 18 राज्यों में 15,000 से अधिक केंद्रों के माध्यम से शुरुआती बचपन की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, जिससे लगभग 5 लाख बच्चे और 4 लाख महिलाएं लाभान्वित होती हैं। दिन के पहले आधे हिस्से में जहाँ बच्चों की शिक्षा और विकास पर ध्यान दिया जाता है, वहीं दूसरे हिस्से में नंद घर सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के रूप में भी काम करते हैं। महिलाएं और किशोरियां यहां अंग्रेजी बोलने, जीवन कौशल, सरकारी योजनाओं से जुड़ने और जागरूकता से जुड़ी खास जानकारी हासिल कर सकती हैं। यह पहल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके फ्रंटलाइन क्षमता को मज़बूत बनाने पर भी ध्यान देती है।

शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाकर, नंद घर ऐसा माहौल बनाना चाहता है जहाँ बच्चे मज़बूत नींव के साथ अपनी औपचारिक शिक्षा की शुरुआत कर सकें, और साथ ही महिलाएं व समुदाय अपने विकास में बड़ी भूमिका निभाने के लिए सशक्त हो सकें।

**सीखने और आगे बढ़ने की राह बनाना-** जैसे-जैसे बच्चे स्कूल में आगे बढ़ते हैं, उन्हें पढ़ाई में मदद, रेमेडियल क्लासेज़, टेक्नोलॉजी, मेंटरशिप और नए क्षेत्रों के बारे में जानकारी जैसे फायदे मिलते हैं। जिससे वे अपनी मौजूदा परिस्थितियों के दायरे से बढ़कर मौकों को पहचान कर उनका लाभ उठा सकते हैं।

वेदांता लिमिटेड की सब्सिडरी कंपनी, हिंदुस्तान जिंक के शिक्षा संबल प्रोग्राम ने वित्तीय वर्ष 26 में सरकारी स्कूलों के 13,000 से ज़्यादा छात्रों तक पहुँच बनाई। इसने पढ़ाई के नतीजों को बेहतर बनाने के लिए एकेडमिक और रेमेडियल सहयोग प्रदान किया। जिससे छात्रों के पास होने का प्रतिशत 96 फीसदी रहा।

# शिक्षक ही शिक्षा के साथ संस्कार दे सकते है: अंजय शुक्ला



**रायपुर।** रेडियंट स्टार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल धरसींवा में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अंजय शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर की सभापति सरोज चंद्रवंशी, नगर पंचायत कुंवरगढ़ (कुंरा) के अध्यक्ष गोविंद राम साहू, धरसींवा मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, ओम साईनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष भगवती शंकर साहू, जनपद पंचायत धरसींवा की सभापति पूजा अश्वनी वर्मा तथा ग्राम पंचायत धरसींवा के सरपंच साहिल खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय शुक्ला ने सेवानिवृत्त शिक्षकों गायत्री पटेल (चरौदा), गुलाब सिंह साहू (परसतराई), भगवती प्रसाद देवांगन (कुंवरगढ़-कुरा), द्रौपती वर्मा (मोहदी), छगन लाल शर्मा (गोढ़ी) एवं रामपहल साहू (परसतराई) का सम्मान किया। अतिथियों ने शिक्षकों के शिक्षा एवं समाज निर्माण में योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। समारोह में नोडल प्राचार्य हेमावती चिवानी, व्याख्याता पीलाराम साहू, संकुल समन्वयक हिमकर दास, एबीईओ धरसींवा प्रदीप शर्मा, शासकीय स्कूल कुंवरगढ़ के रोहित सर, सेवानिवृत्त शिक्षक केजुराम साहू (मनहोरा) तथा नगर पंचायत कुंवरगढ़ के एल्डरमैन मुकेश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेडियंट स्टार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य प्रकाश वस्त्रकार, समस्त शिक्षकगण, स्कूल संचालक बलदाऊ राम साहू एवं एमडी मितेश साहू ने सभी अतिथियों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, संस्कारों से गढ़ते हैं राष्ट्र का भविष्य: सुमन तिवारी

## ब्रम्हकुमारीज़ द्वारा शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**धमतरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमन तिवारी डायरेक्टर विद्याकुंज इंग्लिश मीडियम स्कूल, श्रुति साहेब डायरेक्टर मिलेनियम स्कूल, चंपा चंद्राकर प्राचार्य पोटीयाडीह तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता संचालिका प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्म स्मृति एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी के प्राजक्ता द्वारा किया गया।

### बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार डालना शिक्षक का दायित्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुमन तिवारी ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उनमें श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करना, उन्हें प्रेरित करना तथा उनके गुणों एवं विशेषताओं को उजागर करना भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा देने का कार्य करता है और इसी से राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है। चंपा चंद्राकर ने अपने शिक्षकीय अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक जिन भी बच्चों को पढ़ाया, उनमें सदैव अच्छे संस्कार विकसित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक चाहे विद्यालय के बच्चों को पढ़ाए या परिवार के बच्चों को उसका प्रयास उनके जीवन को श्रेष्ठ बनाने का होना चाहिए। यही सच्चे शिक्षक की पहचान है।

### शिक्षक केवल पद नहीं, श्रेष्ठ संस्कारों का समूह

श्रुति साहेब ने कहा कि शिक्षक केवल एक पद नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संस्कारों का समूह है। सच्चा शिक्षक बच्चों की कमियों को नहीं, बल्कि उनकी खूबियों को देखता है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव हैए जब शिक्षक सशक्त होंगे।

### शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों की भी आवश्यकता

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा सर्वोच्च शिक्षक स्वयं परमपिता परमात्मा है और शिक्षक उनके ज्ञान एवं श्रेष्ठ संस्कारों को समाज तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपनी गरिमा एवं श्रेष्ठ आचरण को बनाए रखते हुए बच्चों को आदर्श बनाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि शिक्षक की सोच, व्यवहार और शुभ भावनाओं का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल डिग्री लेना, नौकरी करना, घर बनाना और धन कमाना ही नहीं सिखाया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें मूल्यनिष्ठ एवं संस्कारवान जीवन जीना भी सिखाया जाना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाता है।

# थैलेसीमिया पीड़ित दो बच्चों की जीवनरक्षा के लिए लगा रक्तदान शिविर

## लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन एवं मानव सेवा ब्लड बैंक का साझा प्रयास




**रायपुर** - मानव सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा ब्लड बैंक के सहयोग से शिवानंद नगर, खमतराई स्थित दुर्गा माता चौक, तेलुगु भवन में दो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने आगे आकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कृतिका जैन जी, हेमू कल्याणी वार्ड क्रमांक 28 की पार्षद, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन की संरक्षक एवं प्रदेश प्रमुख महिला एवं युवा सशक्तिकरण प्रकोष्ठ रहीं। उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए स्वस्थ नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में माननीय आनंद निषाद, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य मछुआरा कल्याण बोर्ड (राज्य मंत्री दर्जा) की गरिमामयी उपस्थिति रहा। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन एवं मानव सेवा ब्लड बैंक के संयुक्त सहयोग से किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का माध्यम है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री जी के निज सहायक तुलसी कौशिक भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं एवं आयोजन समिति का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान करना समाज की संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है। डॉ. अनामिका सिंह जी रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 49 की पार्षद, एमआईसी मेंबर, प्रदेश भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विशिष्ट अतिथि रही। उन्होंने कहा कि रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और स्वैच्छिक रक्तदाता ही जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने नागरिकों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। वरिष्ठ अतिथि गज्जू साहू, जोन क्रमांक 01 अध्यक्ष एवं वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद ने भी शिविर में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# जर्जर भवन नहीं हटाया तो मकान मालिक स्वयं होंगे जिम्मेदार, नगर पालिका ने दी चेतावनी

■ नगर पालिका टीम ने जर्जर भवनों का निरीक्षण



**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जर्जर एवं पुराने भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसे भवनों को चिन्हित किया गया है जो अपनी पुरानी एवं कमजोर संरचना के कारण नागरिकों के लिए खतरा बन सकते हैं। खतरा होने वाले शहर के सभी शासकीय एवं निजी भवनों का सर्वे किया किया जाकर नोटिस देने की तैयारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में ऐसे भवन जो जर्जर व पुराने हो चुके है जिसका निरीक्षण नगर पालिका टीम द्वारा किया गया है निरीक्षण के दौरान कई भवनों की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई। टीम द्वारा भवनों की दीवार, छत, संरचना एवं अन्य हिस्सों की स्थिति का मौके पर जायजा लिया गया। वर्षों पुराने होने के कारण कुछ भवनों की संरचना काफी कमजोर हो चुकी है, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल डिस्मेंटल किया जाना आवश्यक है।

### जर्जर भवनों के मालिकों को तत्काल हटाने के निर्देश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि नगर पालिका उपअभियंता शिवकुमार कुमार गर्ग, राजेश पाथर, राजस्व टीम बद्री राम साहू, लियाकत अली, चंद्रिका सिंह ठाकुर, सुरेश ठाकुर, सुनील कुर्रे द्वारा जर्जर भवनों का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा मकान मालिकों को मौके पर ही निर्देशित किया गया कि वे अपने जर्जर एवं खतरनाक भवनों को तत्काल डिस्मेंटल कर हटाने की कार्रवाई करें। साथ ही स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि भवन की जर्जर स्थिति के बावजूद उसे नहीं हटाया जाता है और भविष्य में उसके कारण किसी प्रकार की दुर्घटना, जनहानि अथवा संपत्ति की क्षति होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित मकान मालिक की स्वयं की होगी। उन्होनें बताया कि पुराने, क्षतिग्रस्त एवं जर्जर भवनों का सर्वे कर खतरनाक भवनों को चिन्हांकित किया जा रहा है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूलों, बाजारों एवं व्यावसायिक परिसरों को प्राथमिकता दी जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू के निर्देशन में नगर पालिका द्वारा शहर में ऐसे सभी जर्जर एवं खतरनाक भवनों को चिन्हित किया गया है। उन्होनें बताया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जर्जर भवनों के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा जनहानि न हो, इसके लिए भवन मालिकों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं तथा निर्देशों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने कवर्धावासियों से अपील की है कि अपने आसपास के जर्जर भवनों की सूचना नगर पालिका कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या उप अभियंता, राजस्व विभाग में सूचना दे सकते है।

# नुआखाई हमारी समृद्ध संस्कृति, सामाजिक एकता और भाईचारे का पर्व : पुरन्दर मिश्रा

■ नुआखाई हमारी गौरवशाली परंपरा और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक : पुरन्दर मिश्रा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित नुआखाई भव्य शोभायात्रा के समापन समारोह में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरन्दर मिश्रा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी जी सहित समाज के गणमान्यजनों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं से जुड़ने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने तथा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और संस्कारों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नुआखाई का उल्लास हमारी विविधता में एकता की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत करता है।

विधायक श्री मिश्रा ने नुआखाई पर्व की सभी प्रदेशवासियों एवं समाजजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मंगलकामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए तथा समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।

# बिलासपुर में एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम का भव्य आयोजन




**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** बैंक ऑफ बड़ौदा, बिलासपुर क्षेत्र एवं जिला उद्योग संघ, बिलासपुर द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र के उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय उत्पादों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम का भव्य आयोजन जिला उद्योग कार्यालय के टाउन हॉल, बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर के लगभग 100 से अधिक उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिवाकर प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल रहे। उन्होंने उद्यमियों को संबोधित करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश के आर्थिक विकास, रोजगार सृजन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा एमएसएमई उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं, बैंकिंग उत्पादों एवं सुविधाओं की जानकारी साझा की तथा उद्यमियों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री हरीश केडिया ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए उद्यमियों को संबोधित किया।

# जग्गी बने आईआईए रायपुर सेंटर के चेयरपर्सन, सिद्धांत शर्मा को वाइस चेयरपर्सन नियुक्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (IIA) रायपुर सेंटर के वर्ष 2026-2028 के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन में आर्किटेक्ट रवि जग्गी को रायपुर सेंटर का चेयरपर्सन चुना गया, जबकि आर्किटेक्ट सिद्धांत शर्मा को वाइस चेयरपर्सन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों सहित पूरी नई कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

निर्वाचन के तहत अखिलेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा कुसुम जायसवाल को सचिव चुना गया। वहीं एग्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर के रूप में चंदन बुधभट्टी, मोहनीश सिनहा, रजनीश चैतन्या, रूही वर्मा एवं वैशाली शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

नई कार्यकारिणी के गठन के साथ IIA रायपुर सेंटर में आगामी कार्यकाल को लेकर सदस्यों में उत्साह है।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उद्देश्य आर्किटेक्चर के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को बढ़ावा देने के साथ ही सेंटर के सदस्यों के बीच समन्वय मजबूत करना, प्रोफेशनल गतिविधियों को विस्तार देना तथा सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाना है।

नवनिर्वाचित टीम के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह जल्द ही आयोजित किया जाएगा, जिसमें नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

# मरीन ड्राइव में चलाया गया वायु गुणवत्ता सुधार जागरूकता अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन और जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित स्वच्छता निरीक्षक और स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु जनजागरूकता रैली निकाली गयी। रायपुर नगर निगम जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 33 क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला तेलीबांधा में छात्र - छात्राओं को स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वच्छता दीदी द्वारा प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकों की उपस्थिति में वायु प्रदूषण, कारण, प्रभाव, व उपाय के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इस पर जागरूक बनाया गया।

# केवल मुनाफा नहीं, ग्राहक का विश्वास और ब्रांड बिल्डिंग है असली सफलता : पंकज माहेश्वरी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज के आधुनिक और तेजी से बदलते व्यावसायिक परिवेश में एक सफल व्यापारी वही है जो केवल मुनाफे तक सीमित न रहकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए और ग्राहक के भरोसे को अपनी सबसे बड़ी पूंजी माने। यह विचार शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के मैनेजिंग पार्टनर श्री पंकज माहेश्वरी ने व्यक्त किए। वे राजधानी में युवा उद्यमियों और व्यापारियों के लिए आयोजित युवा कैट की 'बिजनेस मीट' में बतौर मुख्य अतिथि अपना मार्गदर्शन दे रहे थे।

इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए श्री पंकज माहेश्वरी ने व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिस्पर्धा के बजाय 'आपसी सहयोग' को सबसे उपयोगी बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार में असली और स्थायी सफलता केवल धन कमाने से नहीं मिलती, बल्कि यह ग्राहक का भरोसा जीतने, प्रोडक्ट या सर्विस की बेहतरीन क्वालिटी बनाए रखने और समाज में मजबूत बिज़नेस रिलेशन्स स्थापित करने से हासिल होती है।

मुख्य अतिथि श्री पंकज माहेश्वरी द्वारा दिए गए सफलता के 5 मंत्र:

युवा उद्यमियों में जोश भरते हुए श्री माहेश्वरी ने बिज़नेस ग्रोथ के पांच प्रमुख मंत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला:

**कस्टमर फर्स्ट:** बिज़नेस के केंद्र में हमेशा कस्टमर होना चाहिए। कस्टमर के सटिस्फैक्शन और उसकी जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला बिज़नेस कभी मंदी का शिकार नहीं होता।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35228/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35228
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR220J00483 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती GANESH PAL AGARWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. YADUVANSI LAL AGARWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 श्री हितेष कुमार 2 सुनील कुमार प्रजापति पिता/पति, श्री/श्रीमती दोनों के पिता - श्री नारायण लाल प्रजापति ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35227/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35227
वार्ड का नाम-13- राजीव गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR223J00001 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती NICHALDAS BRIJWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O BALAMAL BRIJWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती मनीषा बृजवानी पिता/पति, श्री/श्रीमती पति स्व. श्री अमर लाल बृजवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ आपसी बंटवारानामा एवं शपथ पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35226/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35226
वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR235D00007 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ARCHNA DEVI W/O. SUSHILA DAGA , AARTI DEVI W/O. BHARAT CHAVARIYA पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती अर्चना डागा पिता/पति, श्री/श्रीमती पति - श्री सुशील डागा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत हक त्याग विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35225/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35225
वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737D00622 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SACHIN PIRMANI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O TEJUMAL PIRMANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नैना पिरमानी पिता/पति, श्री/श्रीमती पिता - स्व. श्री सचिन पिरमानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रस्तुत / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./35215/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35215
वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR223L00133 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MR. KISHORE AGARWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O MR. MANGTURAM AGARWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MRS. AYESHA BEGUM पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O MOHAMMED ISRAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./35116/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35116
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331B0196B जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KAILASH PRAJAPATI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O OMPRAKASH PRAJAPATI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KARTA RAM AWTAR PRAJAPATI THROUGH - RAM AWTAR PRAJAPATI HUF पिता/पति श्री/श्रीमती S/O ASARAM PRAJAPATI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./35117/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35117
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331C00106 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती K.S. GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHASHI GUPTA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. NEELAM GUPTA 2. SANSKAR SAHEB GUPTA 3. ANKITA GUPTA 4. KRITIKA GUPTA 5. SANSKRITI GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती 1. W/OLATE. KRIPAL SAHEB GUPTA 2. S/O LT.KRIPAL SAHEB GUPTA 3. D/O LT. KRIPAL SAHEB GUPTA 4. D/O LT. KRIPAL SAHEB GUPTA 5. D/O LT. KRIPAL SAHEB GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मृत्यु के उपरांत एवं शपथ पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34960/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 34960
वार्ड का नाम-7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226D0142A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHOK KUMAR SONWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE SHYAMLAL SONWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती योगेन्द्र कुमार सोनवानी पिता/पति, श्री/श्रीमती अशोक कुमार सोनवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, मलमा बिक्रीनामा, टैक्स रसीद, / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35162/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35162
वार्ड का नाम-9- पं. मोती लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR227X00061 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती INDRAPAL SINGH TOMAR पिता/पति, श्री/श्रीमती HARICHANDRA SINGH TOMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नाहिद खान पिता/पति, श्री/श्रीमती मुन्ना खान ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35096/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35096
वार्ड का नाम-7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226C0110X जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NARSINGH KUMAR पिता/पति, श्री/श्रीमती HASMAT RAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राजेश किंगरानी पिता/पति, श्री/श्रीमती हरिदास किंगरानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35172/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35172
वार्ड का नाम-7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226F00296 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KRISHNA YADAV पिता/पति, श्री/श्रीमती MR. AALEN YADAV के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कुमारी बाई यादव पिता/पति, श्री/श्रीमती स्व. कृष्णा यादव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /35173/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 08-09-2026

**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 35173
वार्ड का नाम-7- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226B00267 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANAND DUBEY पिता/पति, श्री/श्रीमती RAMESHWAR DUBEY के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. सरोज दुबे, 2 राजेन्द्र दुबे, 3 सोनम त्रिवेदी पिता/पति, श्री/श्रीमती 1. स्व. आनंद कुमार दुबे 2 शिरीश त्रिवेदी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, बी - 1, मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 09 सितम्बर 2026



### एक पेड़ माँ के नाम: ब्लू बर्ड स्कूल मुख्य मार्ग में किया गया वृक्षारोपण

**कोरबा।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत पुष्पलता उद्यान से आगे ब्लू बर्ड स्कूल मुख्य मार्ग के किनारे वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता देते हुये पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को गति दी। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 18 जुलाई से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है।

# शहरों में नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों में लाएं तेजी : मुख्यमंत्री साय

- अमृत मिशन के कार्य मिशन मोड में पूरे कर शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहरों का विकास केवल अधोसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था और सुगम सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों का वास्तविक लाभ नागरिकों तक समय पर पहुंचे, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

#### 38 नगरीय निकायों में नालंदा परिसर, 31 का निर्माण प्रगतिरत

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के नगरीय निकायों में युवाओं को अध्ययन के लिए आधुनिक और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए जा रहे सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन 'नालंदा परिसर' की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन परिसरों के कार्यों में तेजी लाते हुए इन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि योजना के अंतर्गत तीन वित्तीय वर्षों में प्रदेश के 38 नगरीय निकायों में नालंदा परिसर निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिनमें 31 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं। मुख्यमंत्री ने इन परिसरों में प्रस्तावित सीटों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर में निर्माणाधीन नालंदा परिसर की प्रगति की भी समीक्षा की।

#### सुनियोजित और नागरिक-केंद्रित हों प्रदेश के शहर

मुख्यमंत्री श्री साय ने नगरोत्थान योजना की समीक्षा करते हुए शहरों में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधोसंरचना विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 14 नगर निगमों के लिए प्रारंभ की गई इस योजना के तहत मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण, बाईपास, फ्लाईओवर, सर्विस लेन और अंडरपास सहित यातायात से संबंधित आवश्यक अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपनी पूर्व घोषणाओं के अंतर्गत स्वीकृत नगरीय विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## MATS यूनिवर्सिटी में नए छात्रों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** MATS यूनिवर्सिटी ने नए दाखिला लेने वाले छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करने और उन्हें यूनिवर्सिटी के एकेडमिक माहौल, सुविधाओं, अवसरों और कैंपस लाइफ से परिचित कराने के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया।

इस प्रोग्राम में माननीय विधायक पुरंदर मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए, श्री मिश्रा ने उन्हें उनकी एकेडमिक यात्रा के एक नए चरण में प्रवेश करने पर बधाई दी और उन्हें लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को पाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा न केवल एक सफल करियर बनाने में, बल्कि ज़िम्मेदार और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।




वाइस चांसलर प्रो. के. पी. यादव ने नए छात्रों का स्वागत किया और यूनिवर्सिटी के एकेडमिक विज़न और शैक्षिक माहौल के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन करने में फैकल्टी सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला और नए छात्रों से क्लासरूम लर्निंग, प्रैक्टिकल गतिविधियों, रिसर्च-ओरिएंटेड सोच और यूनिवर्सिटी की अन्य पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। माननीय चांसलर श्री गजराज पगारिया ने भी सभा को संबोधित किया और नए दाखिला लेने वाले छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न को-करिकुलर और एक्स्ट्रा-करिकुलर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपने एकेडमिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

डायरेक्टर जनरल श्री प्रियेश पगारिया ने अपने संबोधन में छात्रों को उत्साह, जिज्ञासा और सीखने की इच्छा के साथ अपनी यूनिवर्सिटी लाइफ को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उन छात्रों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिन्होंने 12वीं कक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए थे। मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट एकेडमिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का समापन रजिस्ट्रार श्री गोकुलानंद पांडा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें प्रेरित किया।

## तारा और हसदेव कोल ब्लॉक पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें भूपेश : भाजपा

- मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने बघेल को याद दिलाया : कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही दी थी मंज़ूरी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सोशल मीडिया बयान पर तीखा हमला बोला है। श्री पाण्डेय ने कहा कि तारा कोल ब्लॉक और हसदेव अरण्य को लेकर बघेल का बयान कांग्रेस के चरम राजनीतिक दोगलेपन और पाखण्ड का खुला प्रमाण है। जिस हसदेव और तारा कोल ब्लॉक के नाम पर आज भूपेश बघेल रूदाली-रोदन कर रहे हैं, उसकी नींव खुद कांग्रेस की यूपीए सरकार ने रखी थी।

भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री जयराम रमेश के 23 जून 2011 के आधिकारिक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वन सलाहकार समिति ने तारा, परसा ईस्ट और कांते बासन कोल ब्लॉक के प्रस्ताव को पर्यावरण के आधार पर तीन-तीन बार खारिज किया था। इसके बावजूद कांग्रेस के मंत्री जयराम रमेश ने एफएसी की सिफारिशों को दरकिनार करते हुए 6 मनगढ़ंत कारण गिनाकर इन खदानों को 'स्टेज-1' की मंजूरी दी थी। तारा कोल ब्लॉक में पेड़ काटने और खनन की जमीन तैयार करने का पाप सीधे तौर पर कांग्रेस के सिर पर है। आज वही कांग्रेसी नेता किस मुँह से पर्यावरण हितैषी होने का ढोंग रच रहे हैं? श्री पाण्डेय ने कहा कि भूपेश बघेल पूरे पांच साल सत्ता में रहे। उस दौरान राजस्थान की कांग्रेस सरकार और उद्योगपतियों के हित साधने के लिए उन्होंने खुद हसदेव में कटाई और खनन प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया। तब उन्हें न तो 'छत्तीसगढ़ महतारी' की चिंता थी और न ही हसदेव के जंगलों की।

## प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक माह भर चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान' : विजय शर्मा

- नरेन्द्र मोदी जी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूरे होने पर छत्तीसगढ़ में जलेंगे 36 लाख 'आशीर्वाद के दीये'



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन के लिए 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में 36 लाख 'आशीर्वाद के दीये' प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र (बूथ) पर कम-से-कम 100 दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री शर्मा मंगलवार को यहाँ भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह अभियान मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का व्यापक जनांदोलन बनेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पद (मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री) पर रहते हुए 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' और 'सेवा पखवाड़ा' के विस्तृत कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान में हर गाँव, शहर, बूथ और परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक बूथ पर हर परिवार दीप प्रज्जवलन कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा समर्पण के प्रति आभार प्रकट करेगा और 'विकसित भारत 2047' का संकल्प लेगा। 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों के प्रमुख चौराहों पर एक विशेष मशाल स्थापित की जाएगी। 7 अक्टूबर को, जिस दिन श्री मोदी के सरकार प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष पूरे हो रहे है, प्रमुख चौकों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री देश के सभी जिला केंद्रों को एक साथ सम्बोधित करेंगे। इसी दरम्यान युवाओं की एक विशेष यात्रा प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर (गुजरात) से उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक निकाली जाएगी। यह यात्रा विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए छत्तीसगढ़ के कवर्धा और कोरिया समेत कई क्षेत्रों में पहुँचेगी। अभियान के तहत 'वडनगर से वाराणसी' (जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा) कार्यक्रम होगा।

## 2027 में बरसात में जल भराव की स्थिति से निपटने की तैयारी में अभी से जुटे पार्षद देवदत्त द्विवेदी

- निगम के मुख्य आयुक्त संबित मिश्रा के साथ वार्ड का भ्रमण कर उन्हें जल भराव की स्थिति के बारे में बताया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लगातार वार्ड में आ रही जल भराव की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक -10 के पार्षद देवदत्त द्विवेदी अभी से तैयारी में लग गए है। उनसे बात करने में उन्होंने बताया कि हर वर्ष वीवी विहार और आदर्श नगर न्यू लक्ष्मी नगर में बरसात में जल भराव की स्थिति बन जाती है जिसमें लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसको संज्ञान में लेते हुए अभी से नालियों का सर्वे कराया जा रहा है। ताकि आने वाले बरसात 2027 से पहले नालियों को सुधार किया जाए जिससे जल भराव की स्थिति न हो।

उन्होंने बात करने पर बताया कि नालों पर अतिक्रमण ही जल भराव का मुख्य कारण है पूर्व में रही नगर निगम रायपुर में कांग्रेस की सरकार ने जल भराव की समस्या को संज्ञान में नहीं लिया है जिसका परिणाम आज वार्ड की जनता भुगत रही है

वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने मैं इस विषय की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम के आयुक्त संबित मिश्रा के साथ वार्ड का भ्रमण कर उन्हें जल भराव की स्थिति के बारे में बताया था जिसको संज्ञान में लेते हुए सर्वे कराया जा रहा है।

## राजधानी की 40% आबादी को बेहतर बिजली आपूर्ति करने वाला उपकेंद्र हुआ ऊर्जीकृत

- शहर के बीच दलदलसिवनी में 220 केवी का बना नया उपकेंद्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर की 40 फीसदी आबादी को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए 220 केवी का नया उपकेंद्र आज सफ्लतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से दलदलसिवनी में यह बड़ा उपकेंद्र बनाया गया है, जहां से शहर की ढाई लाख से अधिक घरेलू, गैर-घरेलू तथा औद्योगिक मांग को विश्वसनीय और सुदृढ़ तरीके से पूरा किया जा सकेगा। इस बड़ी उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं पावर कंपनीज़ के चेयरमैन श्री सुबोध कुमार सिंह ने अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है और इसे राजधानी रायपुर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने इस उपकेंद्र का स्विच ऑन कर ऊर्जीकृत किया। इस उपकेंद्र में 160 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर और 63 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किए गए। इसमें 160 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर दो महीने में और स्थापित कर लिया जाएगा।

राजधानी का यह सब-स्टेशन इसलिए भी बहुत महत्व रखता है क्योंकि कोरबा (मड़वा) से आने वाली बिजली को पहले 400 केवी की लाइनों के जरिये 400 केवी उपकेंद्र तक लाया जाता है। फिर इसे 220 केवी की लाइन व उपकेंद्र से 132 केवी की लाइन व उपकेंद्र पहुंचाया जाता है। इसके बाद डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 33 केवी और 11 केवी उपकेंद्रों से एलटी लाइनों के जरिये घरेलू उपभोक्ताओं बिजली पहुंचाई जाती है।

## 200वें स्टोर के उद्घाटन के साथ सिटीकार्ट ने विकास की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की




**भिलाई (विश्व परिवार)।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते वैल्यू फैशन रिटेलर्स में से एक सिटीकार्ट ने भिलाई, छत्तीसगढ़ में अपने 200वें स्टोर के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि पूरे भारत में संगठित वैल्यू फैशन रिटेल की मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की कंपनी की यात्रा में एक और अहम कदम है।

इस नए विस्तार के साथ सिटीकार्ट अब 14 राज्यों में 200 स्टोर्स संचालित कर रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत मौजूदगी तथा मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में लगातार बढ़ते विस्तार के साथ छत्तीसगढ़ भी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनकर उभरा है। कंपनी के विस्तार से 500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिनमें 90-95% कर्मचारी जेनरेशन Z से हैं, जबकि 25-30% कर्मचारी महिलाएं हैं। यह युवा-केंद्रित रोजगार और समावेशिता के प्रति सिटीकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भिलाई में नए स्टोर का उद्घाटन टियर-II, टियर-III और टियर-IV शहरों के उपभोक्ताओं तक आधुनिक और किफायती फैशन पहुंचाने के कंपनी के संकल्प को और मजबूत करता है।

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ सिटीकार्ट पूरे भारत में फैशन और पारिवारिक खरीदारी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज के उपभोक्ता किफायती कीमतों पर फैशनेबल उत्पादों की तलाश कर रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी अपने स्टोर्स और उत्पादों की श्रृंखला को और सशक्त बना रही है।

## नई दिल्ली में महासभा भवन के लिए भूमि आवंटन के लिए सौंपा पत्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय सतनामी महासभा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नई दिल्ली में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में में महासभा के भवन हेतु जमीन आवंटन के लिए मांग पत्र सौंपा।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमहंत दसेराम खाण्डे के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि, महासभा के नेतृत्व में संपूर्ण भारतवर्ष में सतनाम पंथ एवं समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन निरंतर किया जाता है। देशभर से समाज के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु देश की राजधानी नई दिल्ली में महासभा के एक भवन/कार्यालय की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिसके लिए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से नई दिल्ली में 10,000 वर्गफीट भूमि आवंटन कराने का आग्रह किया है।

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश की राजधानी समाज का भवन होना अत्यंत आवश्यक और सामयिक है। इसके लिए मैं स्वयं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा संबंधित सक्षम प्राधिकारियों से चर्चा कर भूमि आवंटन हेतु हरसंभव ठोस पहल करूँगा।

उन्होंने कहा कि, परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का अमर संदेश संपूर्ण विश्व और मानवता का मार्गदर्शक है। सतनामी समाज की आस्था और गौरव से मेरा जुड़ाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मिक और पारिवारिक है। छत्तीसगढ़ में मंत्री रहते हुए गिरौदपुरी धाम में विश्व के सबसे ऊँचे जैतखाम का निर्माण और पंथी नृत्य को वैश्विक पहचान दिलाने में सहभागी बनने का अवसर मिलना मेरे जीवन का परम सौभाग्य रहा है और अब दिल्ली में समाज के भवन आवंटन के लिए पूरा प्रयास करूंगा।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमहंत दसेराम खाण्डे के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमहंत राजेश्वर भार्गव, राजमहंत सुन्दर समा बंजारे, राजमहंत सी. आर. टंडन, राष्ट्रीय महासचिव राजमहंत प्यारेलाल कोसिरिया, राष्ट्रीय सचिव राजमहंत जे. पी. कोसले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजमहंत लालचंद मोहले, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजमहंत पी. के. घृतलहरे तथा राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुन्ती जांगड़े सहित महासभा के पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी (KVGU) ने अपने नए शैक्षणिक सत्र के फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए एक भव्य इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और फ्रेशर्स के उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को यूनिवर्सिटी के माहौल, नियमों और शैक्षणिक प्रणाली से परिचित कराना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए KVGU के वाइस-चांसलर, प्रो. वाई. नरसिम्हुलु ने नए बैच का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी यूनिवर्सिटी लाइफ को केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान, सच्चाई और मजबूत चरित्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। प्रो. नरसिम्हुलु ने छात्रों के समग्र विकास (होलिस्टिक डेवलपमेंट) और इनोवेशन पर विशेष ज़ोर दिया।

यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक और शैक्षणिक ढांचे की जानकारी देते हुए रजिस्ट्रार डॉ. रितेश देवांगन ने छात्रों को एकेडमिक स्ट्रक्चर, कैंपस के नियमों, अनुशासन और स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, परीक्षा नियंत्रक (COE) डॉ. संदीप सोनकर ने छात्रों को एग्जाम पैटर्न, इवैल्यूएशन प्रक्रिया, क्रेडिट सिस्टम और एकेडमिक इंटेग्रिटी (शैक्षणिक ईमानदारी) से अवगत कराया।

छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बात करते हुए डायरेक्टर (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. दीपक मिश्रा ने कैंपस में मौजूद विभिन्न क्लबों, स्पोर्ट्स, एनएसएस और कल्चरल एक्टिविटीज़ की जानकारी दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी की सख्त एंटी-रैगिंग पॉलिसी और ग्रीवांस रिड्रेसल सेल (शिकायत निवारण प्रणाली) के बारे में बताते हुए छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में IQAC की डायरेक्टर डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे और यूनिवर्सिटी के क्वालिटी स्टैंडर्ड्स, फीडबैक सिस्टम और निरंतर सुधार की प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला।

औपचारिक सत्रों के बाद, अलग-अलग स्ट्रीम के विद्यार्थियों के बीच आपसी जान-पहचान और झिझक मिटाने के लिए एक इंटरैक्टिव 'वन मिनट गेम' का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जहाँ उनकी सहजता और शानदार टीम भावना देखने को मिली।

इंडक्शन प्रोग्राम का पहला दिन छात्रों के बीच KVGU में अपनी नई शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के भारी उत्साह और एक मजबूत अपनेपन की भावना के साथ सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354